

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -42 ■ अंक-169 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 18 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## बघेल ने अब सीएम को दी बहस की चुनौती

**रायपुर, 17सितंबर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर गृहमंत्री विजय शर्मा के साथ बहस करने के बाद अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहस की चुनौती दी है। बघेल ने कहा कि साय तारा कोल ब्लाक (खदान) मामले में मीडिया के सामने बहस कर लें।

## नाबालिग के परिचित ने दोस्तों संग मिलकर किया गैंगरेप

कांकेर, 17 सितंबर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नाबालिग लड़की से कथित सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, 17 वर्षीय लड़की मंगलवार रात घर नहीं पहुंची, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। तलाश के दौरान वह कोरर थाना क्षेत्र में मिली। मामले की जांच आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच के अनुसार, नाबालिग एक परिचित युवक के साथ बाहर गई थी। आरोप है कि युवक उसे कोरर थाना क्षेत्र के घोरदा गांव की ओर ले गया। पुलिस के मुताबिक, वहां उसके तीन अन्य साथी भी पहुंच गए। इसके बाद चारों युवकों पर नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना के बाद नाबालिग को कथित तौर पर वहां छोड़कर आरोपी फरार हो गए। जब काफी देर तक लड़की घर वापस नहीं लौटी तो परिवार की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने पुलिस से संपर्क कर उसके लापता होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू की। पुलिस के अनुसार, बाद में वह कोरर इलाके में लावारिस हालत में मिली। इसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू की और संदिग्ध युवकों की तलाश तेज कर दी। जांच के बाद पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में राहुल मांडवी (20), संतोष मांडवी (24), भूपेश कुमार और मनीष सेवता (28) शामिल हैं।

## जगदलपुर में दीपोत्सव पर भिड़े बीजेपी-कांग्रेस!

जगदलपुर. जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित दीपोत्सव से पहले ही बवाल हो गया। मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने कार्यक्रम को लेकर बीजेपी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच विवाद इतना बढ़ा कि नारेबाजी और धक्का-मुक्की के बाद जूते-चप्पल तक चल गए। विवाद की शुरुआत दुकानों को बंद कराने और श्रद्धालुओं के प्रवेश को लेकर कांग्रेस के विरोध से हुई। इसी दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा मौके पर पहुंचे और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनकी बहस हो गई। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। बताया गया कि करीब 40-45 मिनट तक हंगामा चलता रहा। सूचना पर पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले को लेकर दोनों दलों की ओर से अलग-अलग राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं।

## इंडिया गठबंधन के साथी ने कांग्रेस को फिर दिया झटका

नई दिल्ली, 17 सितंबर। कांग्रेस पार्टी जिस UPI चार्ज को 'मोदी टैक्स' कहकर वापस लेने की मांग कर रही है, अब उसके ही साथी दल के एक नेता ने ही इसका समर्थन किया है। बीते कुछ दिनों में केंद्र सरकार की नीतियों की कई बार सराहना कर चुके उमर अब्दुल्लाह ने UPI चार्ज को सही ठहराते हुए कहा है कि जब कोई चीज पूरी तरह मुफ्त मिलती है, तो हम अक्सर उसकी सही कीमत नहीं समझते।

# ब्रिक्स समिट और मजबूत जीडीपी ग्रोथ ने बढ़ाया देश का भरोसा

### संयुक्त घोषणापत्र वैश्विक मंचों पर भारत के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है: मोदी

नईदिल्ली, 17 सितंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में हुए शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिक्स देशों द्वारा हस्ताक्षरित 'नई दिल्ली घोषणापत्र' की सराहना की। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह संयुक्त घोषणापत्र वैश्विक मंचों पर भारत के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। 'सेमिकॉन इंडिया 2026' में बोलते हुए, पीएम मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा हासिल की गई 7.8% जीडीपी वृद्धि का ज़िक्र किया और बताया कि यह वृद्धि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद कैसे हासिल की गई।

मोदी ने कहा कि भारत की तिमाही जीडीपी रिपोर्ट सितंबर में ही जारी की गई थी और इस मुश्किल दौर में भी भारत ने 7.8 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। इसी दौरान, जापान की क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने भारत की सॉवरेन रेटिंग को अपग्रेड किया। ऐसा लगभग तीन दशक, यानी करीब 35 साल बाद हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ़ भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। दूसरी तरफ़, दुनिया का भारत पर भरोसा भी बढ़ रहा है। दोस्तों, इस भरोसे की एक और बड़ी मिसाल तीन दिन पहले हुए ब्रिक्स समिट में देखने को मिली। भारत ने इस समिट की सफल मेज़बानी की, और सबकी सहमति से 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को अपनाना, दुनिया के भारत पर भरोसे का एक और बड़ा सबूत है।

भारत ने 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में लचीलेपन, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी के लिए निर्माण थीम के तहत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेज़बानी की। इसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन और दक्षिण अफ्रीका के



राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा समेत दुनिया के कई नेता शामिल हुए।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए 1 लाख इंजीनियरिंग छात्रों को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा है, और हम उनमें से 70,000 से ज़्यादा को ट्रेनिंग दे भी चुके हैं... मैं युवाओं से अपील करता हूँ—चाहे वे भारत में रिसर्च कर रहे हों या विदेश में—कि वे आगे आएँ और यहाँ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के विकास में हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इन चुनौतियों के बीच, दुनिया को नए और भरोसेमंद मैन्युफैक्चरिंग हब की बहुत ज़रूरत है—और मैं यह बात पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कह रहा हूँ। मैं आपको भरोसा दिलाता हूँ कि भारत इस भूमिका के लिए लगातार खुद को तैयार कर रहा है।

भारत-रूस की दोस्ती तोड़ने के लिए Trump ने उठाया खतरनाक कदम, तुरंत मोदी सरकार ने कर दिया तगड़ा इलाज! उन्होंने कहा कि जब हमारे जैसा कोई देश किसी अहम इंडस्ट्री में कामयाब होता है, तो इससे ग्लोबल सप्लाई चेन मज़बूत होती है—यह बात ऐसे समय में और भी अहम हो गई है जब सप्लाई चेन का इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जा रहा है। हमें भारत में हो रहे इन बदलावों को इसी व्यापक नज़रिए से देखना चाहिए।

## मोदी को राहुल व अखिलेश ने दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** पीएम नरेंद्र मोदी आज 76 साल के हो गए हैं। सुबह से ही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। खास बात यह है कि शुभकामनाएं सिर्फ सत्ता पक्ष तक सीमित नहीं है ब्लकि विपक्षी नेता भी उन्हें बर्थडे विश कर रहे हैं। पीएम मोदी को जन्मदिन विश करने वालों की लिस्ट में उनके धुर विरोधी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी शामिल हैं। राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने पीएम मोदी को जन्मदिन विश किया है। साथ ही उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन समेत वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, प्रह्लाद जोशी, किरन रिजिजू, बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन, तमिलनाडु सीएम विजय, यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, अमित शाह और दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी शुभकामनाएं दीं है।

# जस्टिस स्वर्णकांता ने 'आरक्षण विरोधी प्रदर्शन' रोकने पर पुलिस को लगाई फटकार

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** दिल्ली हाई कोर्ट ने 'आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन' के लिए दिल्ली में इजाजत नहीं देने पर पुलिस को फटकार लगा दी है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने क्षत्रिय करणी सेना की ओर से दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए सवाल उठाया कि इस तरह ब्लैंकेट बैन (पूर्ण प्रतिबंध) कैसे किया जा सकता है।

करणी सेना की ओर से पेश हुए अधिवक्ता रोशन धनाई ने अदालत को बताया कि दो याचिकाएं उनकी ओर से दायर की गई हैं। पहली मेटा, फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप की ओर से अकाउंट सस्पेंड किए जाने को लेकर है। उन्होंने कहा कि बाद में इंस्टाग्राम अकाउंट को बहाल कर दिया गया। लेकिन फेसबुक अकाउंट पर लाइव वीडियो और वॉट्सऐप नंबर अभी तक सस्पेंड हैं। दूसरी याचिका जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति को लेकर है। अदालत ने दिल्ली पुलिस से आवेदन पर विचार करने को कहा गया था।

धनाई ने कहा, 'एसीपी ने हमें बुलाया और कहा कि अनुमति दी जाएगी। इसके बाद उन्होंने 15 तारीख को एक लेटर भेजकर कहा कि इजाजत नहीं दी जा सकता है क्योंकि हमें आशंका है कि आप जितना दावा कर रहे हैं उससे अधिक लोग आ सकते हैं और इन्हें नियंत्रित नहीं किया जा सकेगा।' इस पर जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने दिल्ली पुलिस से पूछा, 'आपने खारिज कर दिया? क्यों? क्या इस तरह का आदेश दिया जा सकता है? बस इसलिए कि आपको आशंका हैं कि कुछ लोग आ सकते हैं? आप ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं?'

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने आगे कहा, 'पिछली तारीख पर मैंने भी साफतौर पर कहा था कि आप शर्तें और कुछ बंदिशें लगा सकते हैं और फिर उन्हें इजाजत दे सकते हैं और यह सिर्फ कुछ घंटों के लिए है। आप कुछ शर्तें लगा दीजिए और अनुमति दीजिए। आप मना कैसे कर सकते हैं?' दिल्ली पुलिस की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए एएसजी चेतन शर्मा ने कहा, 'हमने सुप्रीम कोर्ट के कुछ दिशानिर्देशों का जिक्र किया है। हम उसी के मुताबिक काम कर रहे हैं। यह संवेदनशील इलाका है। दूसरों को भी लगातार मना किया जा रहा है।' उन्होंने जगह की कमी और सोशल मीडिया पर लाइक्स का जिक्र करते हुए आशंका जताई कि भीड़ जंतर-मंतर की क्षमता से अधिक हो सकती है। इस पर धनाई ने कहा कि दर्शक सिर्फ दिल्ली से नहीं बल्कि पूरी दुनिया से हैं। जितने व्यू हैं उतने लोग जंतर-मंतर पर नहीं आ जाएंगे।

जंतर-मंतर ऐतिहासिक रूप से धरना-प्रदर्शन की जगह है। यहां दिल्ली पुलिस का अच्छा नियंत्रण है। जस्टिस शर्मा ने कहा, 'क्या आप यह भी कह रहे हैं कि स्थान को बदला जा सकता है और तब इसकी अनुमति दी जा सकती है?' एएसजी ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी जंतर-मंतर पर जुटान होता है तो यह पूरे सेंट्रल दिल्ली को प्रभावित करता है। जस्टिस शर्मा ने कहा, 'मैं पूछ रही हूं कि पूर्ण प्रतिबंध कैसे हो सकता है।' अदालत ने पूछा कि क्या कुछ बंदिशों और स्थान बदलकर अनुमति दी जा सकती है जिस पर एएसजी ने कहा कि वह निर्देश लेकर आएंगे। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।




## सीएम साय ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना

**रायपुर, 17 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में सृजन, शिल्प और निर्माण के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान विश्वकर्मा से प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार आर. कृष्णा दास, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह सहित मुख्यमंत्री निवास के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए प्रदेशवासियों, विशेषकर श्रमवीरों, शिल्पकारों, कारीगरों, अभियंताओं, तकनीशियनों, उद्योग और निर्माण क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# 'अमेरिका के 100% टैरिफ के आगे नहीं झुकेंगे,'

### भारत सरकार ने बयान जारी किया, कहा-समझौता नहीं करेंगे, अपने हिसाब से खरीदेंगे

**नई दिल्ली, 17 सितंबर।** अमेरिकी संसद में सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट बिल-2026 पास हो गया है। यह बिल रूसी तेल गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक आयात शुल्क लगाने का अधिकार देता है। इसके पास होने के बाद भारत पर 100% टैरिफ (100% tariff on India) लगने का खतरा मंडराने लगा है। बिल के पास होने के बाद भारत सरकार ने बयान जारी किया है। भारत ने अमेरिका के आगे झुकने से इनकार करते हुए कहा कि अपने 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरतों के लिए विविध स्रोतों से तेल और गैस खरीदना जारी रखेंगे। हम अपनी जनता के लिए कोई समझौता नहीं करेंगे। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में कहा कि भारत ने अमेरिकी कांग्रेस में रूस और ईरान पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अधिनियम पारित किए जाने का संज्ञान लिया है। भारत सरकार ने यह भी दोहराया कि वह पहले भी कई बार कह चुका है कि उसकी प्राथमिकता अपने डेढ़ अरब से ज्यादा लोगों को ऊर्जा सुरक्षा देना है। इसके लिए भारत अलग अलग देशों से तेल और गैस खरीदता रहेगा। बाजार की बदलती परिस्थितियों के हिसाब से फैसले लेता रहेगा। भारत ने कहा कि इस मुद्दे पर हाल के महीनों में अमेरिकी अधिकारियों के साथ उच्च स्तर पर बातचीत हुई है। भारत ने अमेरिका को यह भी बताया है कि इन प्रतिबंधों का असर सिर्फ भारत-अमेरिका संबंधों पर नहीं, बल्कि पूरे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर पड़ सकता है।

# ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग से सब-स्टेशन में मचा हड़कंप

**बालोद, 17 सितंबर।** जिले के बोहराडीह-मुजगहन गांव में स्थित 220/132 केवी सब-स्टेशन गुरूर में गुरुवार को ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद आसमान में धुएं का बड़ा गुबार दिखाई देने लगा। घटना से पूरे विद्युत उपकेंद्र में हड़कंप मच गया और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला गुरूर थाना क्षेत्र का है। सब-स्टेशन के 160 MVA पावर ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगी। आग इतनी तेज है कि इससे पूरे पावर हाउस को खतरा बना हुआ है। घटना की सूचना गुरूर थाने को भी दी गई है, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच रही है। बताया जा रहा है कि आग 220/132 केवी सब स्टेसन गुरुर के 160 एम वी ए पावर ट्रांसफार्मर में लगी है, जिसके बाद 220 केवी से निकलने वाली सभी 132 केवी फीडर लोडर नार्मल कर दिया गया है। कुम्हारी से इस सब-स्टेशन को सीधे बिजली सप्लाई होने की जानकारी भी सामने आई है। इससे पहले बीती रात गुरूर सब-स्टेशन में नंबर-1 सीटी में भी विस्फोट हुआ था।



# पूर्व सैनिकों के खाली पद अब नहीं होंगे कैरी फॉरवर्ड

**रायपुर, 17 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों को लेकर सरकार ने स्थिति साफ कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी आदेश में बताया है कि सीधी भर्ती के दौरान पूर्व सैनिक वर्ग के योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलने पर खाली पदों को अगले भर्ती वर्ष में नहीं ले जाया जाएगा। यानी आरक्षित पद खाली रह गए तो उन्हें हमेशा के लिए रोककर रखने की व्यवस्था नहीं होगी। ऐसे पदों पर दूसरे योग्य अभ्यर्थियों को मौका दिया जा सकेगा। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश में छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व सैनिकों के लिए लागू आरक्षण नियमों का हवाला दिया गया है। नियम के तहत यह स्पष्ट किया गया है कि सीधी भर्ती में विज्ञापित पदों पर पूर्व सैनिक वर्ग के पात्र उम्मीदवार नहीं मिलने पर पदों को अगले भर्ती वर्ष के लिए आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि किसी भर्ती में पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित सीट खाली रह गई, तो वह अगली भर्ती में उसी वर्ग के लिए अपने आप नहीं जुड़ेगी। विभाग ने इस व्यवस्था को लेकर चल रही अस्पष्टता को दूर करने का प्रयास किया है। आदेश के मुताबिक, पूर्व सैनिक श्रेणी के योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में संबंधित पदों को सामान्य या गैर-भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों से भरा जाएगा। इसके लिए प्रावीण्य सूची यानी मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। इस व्यवस्था का असर उन भर्तियों पर पड़ेगा, जिनमें पूर्व सैनिकों के लिए पद तय किए जाते हैं, लेकिन पर्याप्त योग्य अभ्यर्थी नहीं मिलते। ऐसे मामलों में पदों को अगले साल तक रोकने के बजाय उसी भर्ती प्रक्रिया में आगे बढ़ाने का रास्ता रहेगा।

# कांग्रेस ने 36 लाख दीयों और सरकारी आयोजन पर उठाए सवाल, मांगा खर्च का हिसाब

**रायपुर, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर आज आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत तेज हो गई है। रायपुर जिला कांग्रेस की ओर से गांधी मैदान




स्थित कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार पर कई सवाल उठाए गए। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के आयोजन में सरकारी स्तर पर कथित तौर पर की जा रही भागीदारी, महंगाई, बेरोजगारी, बिजली दरों में वृद्धि और रोजगार के मुद्दे को लेकर सरकार को घेरा। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सरकार के स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश में पहली बार इस तरह सरकारी स्तर पर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाने की नई परंपरा शुरू की जा रही है। धनेंद्र साहू के मुताबिक ग्राम पंचायतों और जनपद पंचायतों तक प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाने के लिए कार्यक्रम किए जा रहे हैं और इसके लिए शासकीय स्तर पर आदेश भी जारी किए जा रहे हैं।

धनेंद्र साहू ने कहा कि एक तरफ महंगाई और बेरोजगारी चरम पर होने का कांग्रेस आरोप लगा रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली की दरों में बढ़ोतरी से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। उन्होंने स्मार्ट मीटर को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि गरीब परिवारों के लिए बिजली का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब गरीब अपने घर को रोशन करने की चिंता कर रहा है, ऐसे समय प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दीये जलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। धनेंद्र साहू ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित परंपरा नहीं मानती। साहू ने सरकार से सवाल किया कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाने के लिए शासन स्तर पर फैसले लिए गए हैं या नहीं। यदि सरकारी स्तर पर आयोजन हो रहे हैं तो इनके लिए बजट में क्या प्रावधान किया गया है और क्या सरकारी धन से इन कार्यक्रमों का खर्च किया जा रहा है, इसे स्पष्ट किया जाना चाहिए। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने और जन्मदिन पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प' कार्यक्रम को लेकर सवाल उठाए।

# 35 साल से अंडरग्राउंड महिला माओवादी ने किया सरेंडर

**जगदलपुर, 17 सितंबर।** बस्तर में जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच लंबे समय से अंडरग्राउंड चल रही महिला माओवादी नेता नक्का सुशीला रानी उर्फ लता ने आखिरकार पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। करीब साढ़े तीन दशक तक माओवादी संगठन से जुड़ी रही सुशीला रानी ने अपने गृह प्रदेश तेलंगाना के निजामाबाद में पुलिस के समक्ष मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। सुशीला रानी बस्तर के माड़ क्षेत्र में माओवादी संगठन की डिविजनल कमेटी मेंबर के तौर पर सक्रिय रही थी। इसके साथ ही वह संगठन की एजुकेशन कमेटी की प्रमुख सदस्य भी बताई जाती है। बस्तर में सुरक्षा बलों के बढ़ते एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच उसने माड़ क्षेत्र छोड़ दिया था और लंबे समय से भूमिगत जीवन जी रही थी। जानकारी के मुताबिक, नक्का सुशीला रानी उर्फ लता तेलंगाना के निजामाबाद जिले के बोधन की मूल निवासी है। उसने हैदराबाद से बीएससी की पढ़ाई की थी। पढ़ाई के दौरान वर्ष 1990 में उसने माओवादी संगठन में सक्रिय सुनकारा राममोहन राव से विवाह किया। विवाह के करीब दो साल बाद 1992 में दोनों अंडरग्राउंड हो गए। इसके बाद सुशीला रानी लंबे समय तक माओवादी



संगठन से जुड़ी रही और अलग-अलग क्षेत्रों में संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही। माओवादी संगठन में रहते हुए सुशीला रानी की सक्रियता बस्तर के माड़ क्षेत्र में भी रही। यहां वह डिविजनल कमेटी मेंबर के पद पर सक्रिय थी। इसके अलावा संगठन की एजुकेशन कमेटी से भी उसका जुड़ाव बताया गया है। एंटी नक्सल अभियान के बीच बस्तर से निकलने के बाद वह

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट,5 गिरफ्तार



**भिलाई, 17 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई ढाबा बंद करने की बात को लेकर घर में घुसकर तोड़फोड़ करने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वाले पांच आरोपियों को जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मुखबिर व पीड़ित की सूचना पर चौकी अंजोरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर पांच आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडे बरामद कर विधिवत जब्ती की कार्रवाई की गई है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि अंजोरा चौकी क्षेत्र में ढाबा संचालक को फोन पर धमकाते हुए घर में घुसकर तोड़फोड़ करने और मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई है इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपी चेतन खन्ना उर्फ सनी एवं उसके साथियों द्वारा ढाबा बंद करने को लेकर पीड़ित के मोबाइल पर लगातार फोन कर धमकाया गया था इसके बाद सभी आरोपी एकजुट होकर पीड़ित के किराए के मकान में जबरन घुसे, गाली गलौज की तथा घर के बाहर रखे सामान व लाइटिंग आदि में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया सूचना पर अंजोरा चौकी पुलिस ने तत्काल वैधानिक कार्रवाई करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। पुलिस ने आरोपियों सनी उर्फ चेतन खन्ना निवासी ग्राम पुलगांव, धर्मपाल खन्ना उर्फ गोल्डी (29 साल) निवासी पुलगांव, चंद्र प्रकाश खन्ना उर्फ मनी निवासी पुलगांव, गणेश साहू निवासी अटारी नंदनवन टाटीबंध रायपुर, नीरें सुबह निवासी जलपाईगुड़ी हाल मुकाम खन्ना ढाबा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### 6 म्यूल खाताधारकों पर कार्रवाई




**भिलाई, 17 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई साइबर ठगी की रकम के लेनदेन में उपयोग किए जा रहे म्यूल बैंक 6 खाताधारक पर सुपेला थाने पुलिस ने कार्रवाई की है पुलिस ने बताया कि ने बताया कि थाना सुपेला के अपराध में साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेनदेन एवं हस्तांतरण के लिए उपयोग किए जा रहे बैंक खातों की जांच की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि संबंधित खाताधारकों ने स्वयं के अथवा अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों से संबंधित पासबुकए एटीएम कार्डए चेकबुक एवं सिम कार्ड कमीशन प्रतिफ्ल के लालच में अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध कराए गए थे विवेचना के दौरान प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त खातों को 2 से 15 हजार रुपए तक के कमीशन प्रतिफ्ल के बदले उपलब्ध कराया गया था बाद में इन बैंक खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के विभिन्न खातों में अंतरण एवं प्राप्ति के लिए किया गया। बैंक खातों के विश्लेषण में लाखों रुपये से अधिक की संदिग्ध धनराशि के लेनदेन की जानकारी प्राप्त हुई प्रकरण में प्राप्त तकनीकी साक्ष्यए बैंक खातों के लेनदेन के विश्लेषण एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी दिनेश सोना ;22 सालद्ध निवासी इस्लाम नगर सुपेलाए हेमन्त कुमार मिश्रा ;37 सालद्ध निवासी शंकर पारा सुपेलाए मोहम्मद आरिफ ;30 वर्षद्ध निवासी दुर्गा चौक टंकी मरोदाए वीरेन्द्र विश्वकर्मा ;34 सालद्ध निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चरोदाए अखिलेश गुप्ता ;55 साल द्ध निवासी नेहरू भवन सुपेला व रीना देवी निवासी शारदा पारा छावनी पर कार्रवाई की है ।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन-डिस्पोजल के उपयोग पर निगम ने की सख्ती



**दुर्ग,17 सितंबर।** नगर पालिक निगम। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र में शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से निगम आयुक्त लीना कोसम के निर्देश पर जनजागरूकता अभियान के साथ-साथ स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है।

निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील की जा रही है कि कचरा खुले में न फेंकें, निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथिन एवं डिस्पोजल सामग्री का उपयोग न करें। इसके बावजूद समझाइश के बाद भी नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध निगम अमले द्वारा कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में बुधवार को बाजार विभाग एवं अतिक्रमण टीम ने पोटिया कला चौक के दुकानों का सघन निरीक्षण किया। पोटिया चौक में जांच के दौरान 7 दुकानों में प्रतिबंधित डिस्पोजल एवं पॉलीथिन सामग्री पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। निगम अमले द्वारा इन दुकानदारों से 3 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री को जब्त कर संबंधित दुकानदारों को भविष्य में नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता केवल निगम प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व एवं कर्तव्य है। स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए नागरिकों एवं व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है। निगम द्वारा एक ओर जहां लोगों को स्वच्छता एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है।

# इस्पातनगरी में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 सितंबर।** इस्पात नगरी भिलाई में भगवान विश्वकर्मा जयंती गुरुवार को हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। भिलाई इस्पात संयंत्र, नगर निगम, औद्योगिक क्षेत्रों और विभिन्न कल कारखानों में सुबह से ही पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया था। औद्योगिक संस्थानों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा, आरती और हवन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उद्योग संचालकों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर सुख, समृद्धि और कार्यों में सफलता की कामना की। विश्वकर्मा जयंती को लेकर औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़े औद्योगिक समूहों से लेकर मझोले और लघु उद्योगों तक में पूजा की तैयारियां



की गई थीं। कारखानों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही पूजा स्थलों पर कर्मचारियों की भीड़ जुटने लगी थी। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्रीकला जनरल इंजीनियरिंग में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विशेष पूजा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित पांडेय ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की विधि विधान से पूजा और आरती की। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान विश्वकर्मा से संस्थान की प्रगति तथा सभी कर्मचारियों के सुख समृद्धि की कामना की। शुक्ला इंडस्ट्रीज में भी विश्वकर्मा जयंती पर विशेष आयोजन किया गया। फैक्ट्री के संचालक अनिल शुक्ला ने कर्मचारियों के साथ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा और आरती की। इसके बाद हवन पूजन में शामिल होकर संस्थान की उन्नति और कर्मचारियों की खुशहाली की कामना की गई। पूजा के बाद कर्मचारियों को प्रसाद वितरित किया गया। मेहता इंडस्ट्रीज में संचालक अंकित मेहता एवं प्रतीक मेहता के नेतृत्व में भगवान विश्वकर्मा की पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ पूजा अर्चना में हिस्सा लिया। औद्योगिक प्रतिष्ठान में विधि विधान से हवन और आरती की गई तथा सभी ने भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लिया। विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर उत्सव का माहौल रहा। मशीनों, औजारों और कार्यस्थल की पूजा करने की परंपरा के तहत अनेक कारखानों में कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल और उपकरणों की भी पूजा की। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा के जयकारों से औद्योगिक क्षेत्र गूंजता रहा।



## विद्युत संगठन के लिए सतर्कता संवाद

**भिलाई, 17 सितंबर।** सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पूर्व चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत विद्युत संगठन के लिए सतर्कता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक सतर्कता एवं अतिरिक्त मुख्य सतर्कता अधिकारी सुनील सिंघल तथा मुख्य महाप्रबंधक विद्युत टी के कृष्ण कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक सतर्कता मो. नौशाद आलम एवं उप महाप्रबंधक सतर्कता नवनीत शर्मा ने किया।



## आचार्य युवराज पांडे अमलिपदर वाले होंगे कथावाचक

**उतई, 17 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राम कथा का आयोजन ग्राम बोरीगारका में धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति दुर्ग भिलाई के दुवारा किया जा रहा है जिसके भूमि पूजन आज 16 सितम्बर को पंडित उमाशंकर अवस्थी जी एवम पिला राम शर्मा जी दुवारा विधिवत पूजा अर्चना कर की गई,रामकथा दिनांक 28 सितंबर से 4 अक्टूबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक , साथ ही साथ समिति के सदस्यों दुवारा जगह की निरीक्षण कर भक्तों को कथा श्रवण में किसी प्रकार की समस्या न हो उसका अवलोकन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष अश्विनी साहू जी के समिति के सदस्यों दुवारा जन्मदिन मनाया गया साथ ही गुलदस्ता भेट कर बधाई प्रेषित की गई इस अवसर पर मेघनाथ यादव अध्यक्ष सर्व समाज, कमलेश गजपाल ,राकेश हिरवानी उपाध्यक्ष जनपद दुर्ग , जागेश्वर साहू योगनरयान गजपाल जागेस्वर साहू ,संतोष यादव, वेदनारायण साहू जितेन्द्र साहू सुखित राम यादव प्रवीण यदु फत्तेलाल वर्मा राजेश साहू राजेश गजपाल दुलरवा सोनबेर गिरिशचद डोमार साहू सुखित साहू नेमन साहू छबि लाल दुष्यन्त गजपाल पावेंद्र साहू त्रेता चंद्राकर, चोवा राम साहू,पीला राम शर्मा,प्रवीण यदु, अस्वनी साहू रवि कांत साहू रोसन लाल साहू,आदि गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे। साथ हो लोगो से अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रामकथा का श्रवण कर अपने जीवन को सफल बनायें।

## छत्तीसगढ़ की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ 7 सूत्रीय मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**अंवरी।** जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में एग्रीस्टेक और रकबा समर्पण के नाम पर किसानों से धोखा,लचर शिक्षा व्यवस्था,बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, ख़राब सड़कें,बिजली बिल से हलाकान जनता,बढ़ता अवैध नशे का कारोबार और सड़क पर घूम रहे मवेशियों का व्यवस्थापन सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को 16 सितम्बर को ज्ञापन सौंपा7 जिसमें जिलाध्यक्ष यूथविंग ललित नगारची ने कहा कि प्रदेश में किसान परेशान हैं,किसानों को इस साल भी महंगी यूरिया खाद लेना पड़ा,किसानों को एग्रीस्टेक और रकबा समर्पण के नाम पर धोखा बंद किया जाये, ताकि पिछले साल की भांति इस साल प्रदेश में किसानों को आत्महत्या ना करना पड़े और यदि ऐसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी तहसीलदार एसडीएम और कलेक्टर की होगी। गरीब बच्चों के लिए सरकारी शिक्षा सरकार पूरी तरह बर्बाद कर दी है।

# आईआईटी ने विकसित किया 4डी प्रिंटेबल स्मार्ट हाइड्रोजेल,जल से प्रदूषक हटाने में सक्षम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 सितंबर।** आईआईटी भिलाई के शोधकर्ताओं ने एक बहुउद्देशीय स्मार्ट हाइड्रोजेल विकसित किया है, जो गर्म करने पर अपना आकार बदलने के साथ ही अपशिष्ट जल से प्रदूषकों को हटाने में भी सक्षम है। इस नई सामग्री के सॉफ्ट रोबोटिक्स, स्मार्ट एक्ट्यूएटर और पर्यावरणीय प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में उपयोग की संभावनाएं हैं। शोध दल में सुदीप्ता पॉल, प्रियंक सिन्हा, अमूल जैन और डॉ. संजीब बनर्जी शामिल हैं। शोधकर्ताओं ने विशेष रूप से डिजाइन किए गए चार भुजाओं वाले स्टार पॉलीमर को एक्रिलिक एसिड, एक्रेलैमाइड और पीईजीडीए के साथ मिलाकर यह हाइड्रोजेल तैयार किया है। इसे पराबैंगनी प्रकाश की सहायता से तेजी से तैयार किया जा सकता है और विभिन्न संरचनाओं में ढाला जा सकता है।

इससे भविष्य में आकार बदलने वाले स्मार्ट उपकरणों के निर्माण की संभावनाएं बढ़ती हैं। इस हाइड्रोजेल की प्रमुख विशेषता इसका आकार स्मृति व्यवहार है। शोधकर्ताओं ने फूल जैसी




संरचना के माध्यम से इसका प्रदर्शन किया। गर्म करने पर यह संरचना खुल जाती है और लगभग 25 सेकंड में अपने निर्धारित आकार में वापस आ जाती है। सामग्री ने लगभग 94 प्रतिशत आकार स्थिरता और 85 प्रतिशत आकार पुनर्प्राप्ति प्रदर्शित की। बार बार किए गए परीक्षणों में भी इसके प्रदर्शन में स्थिरता बनी रही। हाइड्रोजेल ने मजबूत यांत्रिक क्षमता भी दिखाई। एक प्रदर्शन में केवल एक ग्राम सूखा हाइड्रोजेल 250 ग्राम के धातु भार को बार बार उठाने में सक्षम रहा। यह क्षमता हल्के सॉफ्ट एक्ट्यूएटर्स और रोबोटिक प्रणालियों में इसके संभावित उपयोग को दर्शाती है। शोधकर्ताओं ने इस सामग्री का परीक्षण जल शुद्धिकरण के लिए भी किया। हाइड्रोजेल ने पानी से मेथिलीन ब्लू, रोडामाइन बी और इओसिन बी जैसे कार्बनिक रंगों के साथ विषैले लेड आयनों को हटाने की क्षमता प्रदर्शित की। आकार बदलने की क्षमता, यांत्रिक मजबूती और जल से प्रदूषकों को हटाने की क्षमता का एक ही सामग्री में संयोजन इसे बहुउद्देशीय उपयोग के लिए महत्वपूर्ण बनाता है। यह शोध पीयर रिव्यू जर्नल स्मॉल मेथड्स में प्रकाशित हुआ है।शोधकर्ताओं के अनुसार, विकसित हाइड्रोजेल भविष्य में ऐसे स्मार्ट और चार आयामी प्रिंटेबल पदार्थों के विकास का आधार बन सकता है, जिनमें प्रोग्राम किए गए आकार परिवर्तन और पर्यावरणीय प्रदूषण नियंत्रण जैसी क्षमताएं एक ही प्रणाली में मौजूद हों।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 3.51 लाख दीपों से जगमगाएगा शहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा जिले के सभी 13 मंडलों एवं बूथ स्तर पर विभिन्न सेवा और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री के जन्मदिन को विशेष बनाने के उद्देश्य से भाजपा ने व्यापक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। कार्यक्रम के तहत पूरे जिला भिलाई में लगभग 3 लाख 51 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। मुख्य आयोजन बैकुंठ धाम तालाब में होगा, जहां तालाब के चारों ओर सीढ़ियों पर लगभग 1 लाख 25 हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। तालाब के मध्य पानी के ऊपर भी दीपों से आकर्षक सजावट की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विशेष आतिशबाजी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसी क्रम में भिलाई तीन पुलिस लाइन परिसर में 51 हजार दीप, अहिवारा के अटल परिसर में 21 हजार दीप तथा भाजपा जिला कार्यालय में 2 हजार 100 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा जिला भिलाई के लगभग 800 बूथों पर 100-100 दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। भाजपा के विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों द्वारा सेवा कार्य भी



किए जाएंगे। इनमें महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, वृद्धजनों को भोजन वितरण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न जनसेवा के कार्य शामिल हैं।भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रमों से जोड़ें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लाभार्थियों के घर-घर जाकर उन्हें दीप प्रज्वलित करने के लिए प्रेरित करने और कार्यक्रम में सहभागिता का आग्रह करने को कहा है।

## वर्ल्ड फोरम में बीएसपी ने प्रदर्शित की सर्कुलर इकोनॉमी की पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने 15 और 16 सितंबर को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम में अपनी अभिनव सर्कुलर इकोनॉमी पहलों का प्रदर्शन किया। भारत में पहली बार आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, विशेषज्ञ, नवोन्मेषक और अन्य हितधारक शामिल हुए। सम्मेलन में सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के उपायों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक प्रभारी पर्यावरण प्रबंधन श्रीमती उमा कटोच, उप महाप्रबंधक पर्यावरण प्रबंधन सुश्री बी अनुराधा तथा उप प्रबंधक जनसंपर्क सुश्री शालिनी चौरसिया ने सम्मेलन में सहभागिता की



और संयंत्र की पर्यावरणीय पहलों को प्रदर्शित किया। बीएसपी के स्टॉल पर भारत सहित विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं ने रुचि दिखाई। विशेष रूप से उपचार संयंत्र के मॉडल को आगंतुकों ने सराहा। सम्मेलन के दौरान सर्कुलर इकोनॉमी के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थानों और विशेषज्ञों के साथ संवाद तथा ज्ञान के आदान प्रदान का अवसर भी मिला।

## जवाहर मार्केट पावर हाउस के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 सितंबर।** जवाहर मार्केट पावर हाउस के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन बुधवार को वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जवाहर मार्केट के व्यापारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। जवाहर मार्केट पावर हाउस के उन्नयन कार्य के लिए 6 करोड़ 56 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि से विभिन्न विकास एवं उन्नयन कार्य किए जाएंगे। इससे मार्केट की व्यवस्था में सुधार के साथ व्यापारियों और यहां आने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में व्यापारियों ने उन्नयन कार्य के लिए स्वीकृत राशि और विकास कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अपेक्षित उन्नयन कार्य पूरा होने से मार्केट की व्यवस्था में सुधार होगा और इसका लाभ व्यापारियों के साथ आम नागरिकों को भी मिलेगा। इस अवसर पर परियोजना कार्यपालन अभियंता नितेश मेश्राम, पार्षद विनोद चेलक, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में माह भर होंगे स्वच्छता और जनभागीदारी के कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 17 सितंबर।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक किया जा रहा है। आयुक्त सुरुचि सिंह ने बताया कि अभियान तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया है। इसके सफल आयोजन के लिए निगम के सभी विभागों, अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। उन्होंने नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता कर भिलाई को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की अपील की है। अभियान के तहत 17 और 18 सितंबर को स्वच्छ पाठशाला, युवा और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें स्वच्छता नियमों तथा रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल के संबंध में जागरूकता, विद्यार्थियों की स्वच्छता ज्ञान यात्रा, दान अभियान, प्लास्टिक मुक्त कला प्रतियोगिता तथा दीप जलाकर स्वच्छ रंगोली जैसे कार्यक्रम होंगे। 19 और 20 सितंबर को चिन्हित स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। 21 और 22 को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार और हाट परिसरों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 23 और 24 को घर घर जागरूकता अभियान, परिंदे कम्पोस्टिंग तथा स्वच्छता आधारित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। 25 और 26 को गणेश विसर्जन स्थलों की सफाई, विसर्जन कुंड निर्माण और पूजन सामग्री के कम्पोस्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। 27 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन स्थलों की विशेष सफाई तथा जिम्मेदार पर्यटन के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 28 और 29 को स्वच्छता से समृद्धि, कबाड़ से जुगाड़ और कचरे से कला जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 30 सितंबर को स्वच्छ मित्र सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम के तहत स्वच्छता साथियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और उन्हें सुरक्षा उपकरण वितरित किए जाएंगे। 1 अक्टूबर को एक दिन, एक घंटा, एक साथ अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान और चिन्हित स्थलों की सफाई की जाएगी। 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी, विशेष परिषद बैठक, उत्कृष्ट स्वच्छता कर्मियों का सम्मान तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। 3 से 17 अक्टूबर तक जल स्त्रोतों एवं जलाशयों, संस्थानों और कार्यालयों, रेलवे परिसर तथा स्लम क्षेत्रों में कचरा पृथक्करण और घरेलू कम्पोस्टिंग को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### गांजा बरामद आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 17 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र में गांजा का अवैध कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि उमरपोटी स्थित बोगदा पुल के पास अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना पुलिस को मिली घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया भाठापारा वार्ड 13, ग्राम परसदा निवासी भूपेन्द्र उर्फ राजू गायकवाड़ अपना नाम बताया है उसके पास से पुलिस ने बाइक सीजी 07 सीवाई 0302, 2 किलो 12 ग्राम गांजा, नगद 4010 रुपए नगद भी जब्त किया है ।

# एक करोड़ की लागत से बन रहे व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स के नींव में कच्ची गिट्टी का उपयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी, 17 सितंबर।** नगर पंचायत भखारा में लगभग एक करोड़ की लागत से व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स आकार ले रहा है।जो नगर के व्यावसायिक भविष्य को निर्धारित करेगा।परन्तु कॉम्प्लेक्स का भविष्य निर्धारित करने वाले निर्माण सामग्री की गुणवत्ता संदेह के घेरे में है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत भखारा में क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर के दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप लगातार विकास कार्य स्वीकृत हो रहे है।व्यावसायिक भविष्य को नई ऊंचाई देने



यहां एक करोड़ की लागत से व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स स्वीकृत किया गया है।स्वीकृत कार्य का टेंडर जारी कर निर्माण कार्य प्रगति पर है।परन्तु ठेकेदार के गुणवत्ताहीन कार्य से सारा योजना मिट्टीपलित होता दिखाई दे रहा है।यहां निर्माण कार्य में गुणवत्ता को ताक में रखकर निम्न गुणवत्ता स्तर का लाल गिट्टी लगाया जा रहा है साथ ही कंस्ट्रक्शन में भी गंभीर खामियां दिख रहा है।कॉलम में जालीदार ढलाई एवं कॉलम में रॉड की मात्रा भी निर्धारित मात्रा से कम होने की बात लोग कर रहे है।वहीं नगरवासियों ने उच्चाधिकारियों से निरीक्षण कर मजबूत निर्माण करवाने की अपील किया है।

### निर्माण स्थल से सूचना पटल गायब

शासकीय निर्माण कार्य प्रारंभ होने के पूर्व ही कार्यस्थल पर निर्माणकार्य से संबंधित समस्त जानकारी सार्वजनिक किया जाता है।परन्तु कॉम्प्लेक्स निर्माण की स्वीकृत राशि,कार्य प्रारंभ तिथि,ठेकेदार का नाम सहित विभिन्न जानकारी सूचना बोर्ड लगाकर दिया जाता है।परन्तु यहां एक अलग ही लेबल का काम चल रहा है।यहां सूचना बोर्ड ही गायब हैवहीं नगरवासियों का कहना है,कि ऐसे विकास का कोई मतलब नहीं है जो भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाए।सही मॉनिटरिंग नहीं होने से गुणवत्ताहीन भवन का निर्माण होगा।वहीं निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी लेने के लिए इंजीनियर ज्योति को हमारे संवाददाता ने कॉल किया लेकिन उनसे बात नहीं हो पाया।

# 600 बच्चों के लिए महज 220 थालियां, पालकों की मुहिम से मिलीं 100 थालियां

## पीएम उत्कृष्ट विद्यालय नगरी में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था पर उठे सवाल, पालकों ने जिला प्रशासन से जांच की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 17 सितम्बर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत शासकीय विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। इसके बावजूद पीएम उत्कृष्ट विद्यालय नगरी में पर्याप्त थालियां उपलब्ध नहीं होने का मामला सामने आया है। विद्यालय में पहली से आठवीं तक लगभग 600 बच्चे अध्ययनरत हैं, जबकि वर्तमान में महज करीब 220 थालियां उपलब्ध होने की बात कही जा रही है।

बताया गया कि थालियों की कमी के कारण कई बच्चों को मध्यान्ह भोजन ग्रहण करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में कुछ पालकों ने इस समस्या को उठाते हुए नाराजगी जताई। पालकों का कहना था कि विद्यालय में पर्याप्त बरामदे और शेड उपलब्ध होने के बावजूद आवश्यक संख्या में थालियां उपलब्ध नहीं होना गंभीर विषय है।

मामले को लेकर पालकों और



प्रबंधन समिति के सदस्यों ने पहल करते हुए जनसहयोग से लगभग 100 थालियां उपलब्ध कराने की मुहिम शुरू की, जिसके फलस्वरूप करीब 100 थालियों का सहयोग विद्यालय को प्राप्त हुआ। पालकों का कहना है कि बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए।

पालकों ने यह भी सवाल उठाया है कि विद्यालय को विभिन्न शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मिलने वाले अनुदान का वास्तविक उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय में विगत वर्षों में प्राप्त अनुदान राशि एवं उसके व्यय का भौतिक परीक्षण कराने तथा मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में यदि किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन से की है। पालकों का कहना है कि बच्चों के पोषण से जुड़ी योजना सर्वोच्च प्राथमिकता की होनी चाहिए। इसलिए विद्यालय में पर्याप्त संख्या में थालियां, भोजन व्यवस्था और योजना के सुचारु संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है।

**समाचार संक्षेप**

## भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल युवक जिला अस्पताल रेफर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 17 सितम्बर।** विकासखंड के तुमड़ीबहार क्षेत्र में जंगली भालुओं के हमले से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। अर्जुनी जंगल में गुरुवार सुबह करीब 7 बजे हुई इस घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि चार भालुओं ने ग्रामीणों पर अचानक हमला कर दिया। जिसे लोगों ने तत्काल नगरी सिविल अस्पताल लाया जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया

जानकारी के अनुसार, तुमड़ीबहार निवासी दिनेश नेगी, पिता आत्माराम नेगी, अपने साथी मदन नेताम, पिता पुनाराम नेताम, के साथ अर्जुनी जंगल की ओर गया था। इसी दौरान अचानक चार भालुओं ने दिनेश नेगी पर हमला कर दिया। हमले में दिनेश नेगी के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, उनके साथी मदन नेताम के हाथ के पास भी हल्की खरोंच आने की जानकारी सामने आई है।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल नगरी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। दिनेश नेगी की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**जंगल जाने वाले ग्रामीणों में दहशत :** अर्जुनी जंगल में भालुओं के हमले की घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। जंगल क्षेत्र में आवाजाही करने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीके यादव घायलों के निवास स्थान पहुंचे और वन विभाग को घटना की जानकारी दी। वन विभाग से क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की गई है।

**एक नजर**

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर का सम्मान



राजनांदगांव, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा शहर की प्रतिभाशाली बेटी एवं सुरेन्द्र पाल सिंह भाटिया की सुपुत्री जो बेल्जियम में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं का उनके निवास स्थान पर पहुंचकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर मोर्चा के पदाधिकारियों ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उ वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख, जिलाध्यक्ष हैरी जोसेफ, महामंत्री असलम खान, उपाध्यक्ष सलीम कुरैशी एवं मुकेश उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि शहर एवं समाज के युवा जब अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर देश-विदेश में पहचान बनाते हैं, तो यह परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय होता है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा से विदेश में कार्य करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणादायी है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे भविष्य में भी इसी तरह अपने कार्यक्षेत्र में सफलता हासिल करते हुए परिवार एवं राजनांदगांव का नाम रोशन करती रहेंगी। सम्मान समारोह के दौरान परिवारजनों ने भी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# हैदराबाद भेजने के नाम पर ट्रक चालकों ने पार किया 9.36 लाख रुपये का चना व मटर

## कोतवाली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 17 सितंबर।** राजनांदगांव से माल भाड़े पर लेकर गंतव्य तक पहुंचाने के बजाय रास्ते में ही करीब सवा नौ लाख रुपये का माल खुर्द-बुर्द करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चिखली चौकी और राजनांदगांव कोतवाली पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर दो ट्रक चालकों के खिलाफअमानत में खयानत और धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**फोन बंद कर दोनों चालक हुए फरार:** तय समय के अनुसार माल को 3 सितंबर की शाम तक हैदराबाद पहुंचना था। 4 सितंबर को जब ब्रोकर ने माल न पहुंचने की सूचना दी, तो व्यापारी ने चालकों और वाहन मालिक से संपर्क किया। उस समय चालकों ने वाहन में तकनीकी खराबी आने का बहाना बनाकर एक दिन में माल पहुंचाने की बात कही। लेकिन उसके बाद दोनों चालकों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए। व्यापारी द्वारा अमरावती निवासी ट्रक मालिक से संपर्क करने पर उसने भी चालकों से कोई संपर्क न हो पाने की बात कही। खोजबीन और इंतजार के बाद जब माल नहीं पहुंचा, तो पीड़ित व्यापारी को यकीन हो गया कि दोनों चालकों ने मिलीभगत कर पूरा माल रास्ते में ही कहीं बेच दिया है। व्यापारी की लिखित शिकायत पर पुलिस चौकी चिखली की प्रारंभिक जांच के बाद राजनांदगांव कोतवाली में ट्रक के चालक जीतून जादव (निवासी महागांव मरखेड, अकोला, महाराष्ट्र) और आकाश पवार (निवासी वासी टाकली लाडकरंजा, महाराष्ट्र) के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 316(4) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक शत्रुहन टंडन को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### हैदराबाद की जगह रास्ते में ही बेच दिया माल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुरानी सिविल लाइन निवासी खिलेश्वर देवांगन (35 वर्ष) ग्राम भेंडीकला में 'पीएनडी उद्योग' नाम से चना फैक्ट्री संचालित करते हैं। अकोला (महाराष्ट्र) के ब्रोकर निखिल अग्रवाल की मांग पर व्यापारी ने 1 सितंबर 2026 को अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के माध्यम से एक ट्रक (क्रमांक MH 27 DT 0880) बुक कराया। फैक्ट्री से ट्रक में 320 कट्टा फूटा मटर (कीमत 7, 23, 240) तथा 80 कट्टा फूटा चना (कीमत 2, 13, 600)—कुल वजन करीब 120 क्विंटल और कुल कीमत 9, 36, 840 का माल हैदराबाद के बेगम बाजार भेजने के लिए पक्का बिल देकर रात करीब 8 बजे रवाना किया गया था।

## गांजा बेचते आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 17 सितंबर।** 16 सितम्बर को जीशान पटेल अवैध गांजा बिक्री करने के फिराक मे अचानक नगर रेल्वे पटरी के किनारे ग्राहक तलाश रहा है पुख्ता सूचना प्राप्त कर टीम तैयार कर अचानक नगर रेल्वे पटरी के पास दबीश देकर कर आरोपी जीशान पटेल उर्फ जानू पिता तरूण पटेल उम्र 21 साल साकिन स्टेशनपारा वार्ड नं. 13 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. को एक प्लास्टिक बोरी मे 05.112 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा कीमती 51120 रूपये रखे रंगे हाथ पकड़ कर वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध धारा सदर 20(बी) एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी जीशान पटेल के विरूद्ध दर्ज है कई पूर्व मे गंभीर अपराध उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, सहायक उप निरी. डी. सुमन, शत्रुहन टण्डन, आर0 गोपाल पैकरा, सुनील बैरागी, नेमसिंह, चन्द्रकपुर, आदित्य सोलंकी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## भक्ति व मुक्ति के लिए राम नाम जरूरी : कुलबीर सिंह

### ढोड़िया में रामधुनी झांकी स्पर्धा का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 17 सितंबर।** जय मां भानेश्वरी रामधुनी मंडली व ग्रामवासी ढोडिया द्वारा 14 व 15 सितंबर को दो दिवसीय रामधुनी झांकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए। इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए कि प्रभु श्रीरामचंद्र का संपूर्ण जीवन सत्य, प्रेम, त्याग, तपस्या और समर्पण से ओतप्रोत है। मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के जीवन का अनुसरण करना चाहिए। इस रामधुनी झांकी प्रतियोगिता में अंचल के ख्यातिप्राप्त मंडलियों द्वारा श्रीराम भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित कर जनमानस को मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम का रसपान कराया।

इससे पूर्व छाबड़ा ने सर्वप्रथम प्रभुरामचंद्र व रामदरबार के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर क्षेत्रवासियों सहित माताएं-बहनों व बच्चों की खुशहाली की कामना करता करते छत्तीसगढ़ की पारंपारिक त्यौहार पोला और तिजा का महत्व बताया।

ग्राम ढोड़िया की जिस पावन धरा पर प्रभु श्रीरामनाम जाप का हो रहा है यह बड़े ही सौभाग्य की बात है क्योंकि इस पावन जगह पर सदैव हनुमान महाराज स्वयं विराजमान हो जाते है। रामचरित मानस के सभी पात्र अपने आप में अनुकरणीय है जिसमें भक्ति, मुक्ति और शक्ति समाहित है। इस तरह के धार्मिक आयोजनों से हमारे आने वाली पीढ़ी भी आधुनिकता के दौर में संस्कारवान हो ऐसी भावनाओं के साथ ऐसे आयोजन हो यही मेरी कामना है।

समारोह में प्रमुख रूप से अध्यक्ष दिल्लू साहू, सरपंच उपाध्यक्ष लाल चंद पटेल, देशू विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष मोहित साहू, बसंत साहू, सचिव हेमेंद्र पटेल, विमल कुमार निषाद, सलाहकार मेघनाथ साहू, चोवा राम पटेल, राजू भाई, योगेन्द्र दास वैष्णव, कुंदन चंद्राकर, दिल्लू साहू, कृत लाल पटेल, जनपद प्रतिनिधि अभिषेक चंद्राकर, मगन साहू, तिलक निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# जेसीआई रायपुर के संस्कार सप्ताह का समापन

### 7 दिनों का अनंत प्रभाव की थीम के साथ सात दिनों तक चला सेवा, नेतृत्व और सामाजिक जागरूकता का अभियान

**रायपुर, 17 सितंबर।** जेसीआई रायपुर संस्कार द्वारा आयोजित जेसीआई सप्ताह 2026 का भव्य समापन रविवार को सुख सागर, पंडरी, रायपुर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस वर्ष जेसीआई सप्ताह की थीम 77 वर्षों की विरासत, 7 दिनों का अनंत प्रभाव रही। सात दिनों तक विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय, युवा, डिजिटल, व्यवसायिक एवं पारिवारिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। समापन समारोह जेसीआई सीनेटर लीना वाढेर के मुख्य आतिथ्य तथा सुश्री कविता राठी, समाजसेवी एवं वनबंधु परिषद की प्रदेश मीडिया प्रभारी, के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। सुश्री कविता राठी सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित एवं सक्रिय समाजसेवी हैं। वनबंधु परिषद की प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में वे सामाजिक गतिविधियों, जनजागरूकता एवं जनहितकारी प्रयासों को व्यापक स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सामाजिक दायित्वों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एवं सहभागिता सामाजिक क्षेत्र में उनकी विशिष्ट पहचान को दर्शाती है। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समापन




समारोह की शोभा बढ़ाई तथा उन्होंने जेसीआई रायपुर संस्कार के सात दिवसीय आयोजन की सराहना करते हुए सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में अध्याय समन्वयक जेएफएम जेसीआई सीनेटर नीलेश शाह, अध्याय प्रभारी एचजीएफसीए सागर जैन एवं पूर्व अध्यक्ष जेसी आदित्य टिकरिहा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही पूर्व अध्यक्ष जेसी सुनील गुरनानी, जेएफएम जेसीआई सीनेटर एवं जोन प्रशिक्षक पंकज जदवानी, जेसी पवन खेमानी तथा एचजीएफ जेसी प्राची प्रेमानी सहित संस्था के अनेक वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

# एक शाम तीजन बाई के नाम साल्हेवारा में पंडवानी की गूंज

■ पंडवानी की गूंज से भावविभोर हुआ साल्हेवारा, याद आईं लोकगाथा की महान साधिका तीजन बाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साल्हेवारा, 17 सितम्बर।** धार्मिक सामाजिक ग्रुप 'पहल' साल्हेवारा के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति एवं पंडवानी की महान साधिका पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई की स्मृति में एक शाम तीजन बाई के नाम भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन बस्तीपारा साल्हेवारा में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला, लोकपरंपरा और पंडवानी की जीवंत झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बालोद से पधारीं सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका सुश्री रानू निषाद की मनमोहक प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी सशक्त आवाज, ओजपूर्ण गायन शैली और प्रभावी भाव-भंगिमाओं के माध्यम से महाभारत के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत




चित्रण प्रस्तुत किया। पंडवानी की ओजपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

रानू निषाद की प्रस्तुति में पंडवानी की पारंपरिक शैली के साथ लोकभावना और कथा की प्रभावशीलता का सुंदर समन्वय देखने को मिला। उनकी प्रस्तुति के माध्यम से पंडवानी की महान साधिका डॉ. तीजन बाई की समृद्ध कला परंपरा और छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की स्मृतियां एक बार फिर जीवंत हो उठीं। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डॉ. तीजन बाई के छत्तीसगढ़ी लोककला एवं पंडवानी के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि तीजन बाई ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और साधना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की पंडवानी को देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई। उनके योगदान ने प्रदेश की लोककला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कार्यक्रम की संपूर्ण संध्या छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति, परंपरा और लोकगाथाओं के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भावपूर्ण अवसर बन गई। पंडवानी की गूंज के बीच उपस्थित लोगों ने लोककला की इस महान परंपरा को संरक्षित एवं आगे बढ़ाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

**सेवा संकल्प अभियान**

## मोतीपुर का अजय जूता-चप्पल व्यवसाय कर हुआ आत्मनिर्भर



■ प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना अंतर्गत ऋण लेकर उठाया लाभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजना का लाभ लेने शहरी पथ विक्रेता ऋण लेकर स्वयं का व्यवसाय कर आत्मनिर्भर बन रहे है। राजनांदगांव निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स भी इसका लाभ उठा रहे है।

मोतीपुर निवासी अजय महोबे को योजना की जानकारी मिलते ही उसने ऑनलाईन आवेदन कर पंजाब नेशनल बैंक से ऋण प्राप्त कर महावीर चैक के पास जूता-चप्पल का व्यवसाय शुरू किया। व्यवसाय करने अजय महोबे ने 10 हजार रूपये का प्रथम किश्त लिया। व्यवसाय में मुनाफा होने पर उन्होंने ऋण अदायगी कर द्वितीय किश्त 20 हजार रूपये ऋण लिया और व्यवसाय में लाभ होता देख द्वितीय किश्त जमा कर तृतीय किश्त 50 हजार रूपये ऋण लेकर अपने व्यवसाय में वृद्धि किए।

श्री अजय महोबे ने बताया कि उसे अपने परिवार का पालन पोषण करने में आर्थिक कठिनाई का सामना करना पडता था, बच्चों के पढ़ाई की चिन्ता रहती थी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से ऋण लेकर अपना जूता-चप्पल बेचने का काम शुरू किया, जिससे मुझे लाभ हुआ और मैं आत्मनिर्भर बन अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हूॅं। इस प्रकार की छोटे काम धंधा वालो को ऋण सुविधा देकर आर्थिक रूप से मजबूत करने पर मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूॅं।

**सेवा संकल्प अभियान**

# नोनी सुरक्षा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना से बेटी के उज्जवल भविष्य की राह हुई आसान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 सितम्बर।** नोनी सुरक्षा योजना सामान्य आय वाले परिवारों के लिए बेटियों की शिक्षा और उसके उ वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण सहारा बन रही है। बेटी के जन्म के साथ ही उसके भविष्य की बेहतर तैयारी के लिए यह योजना अभिभावकों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। छुरिया विकासखंड के ग्राम गुण्डरदेही निवासी फुलेश्वरी साहू ने अपनी बेटी गरिमा के उ वल भविष्य के लिए नोनी सुरक्षा योजना का लाभ लिया है। साथ ही सुकन्या समृद्धि खाते के माध्यम से नियमित बचत की शुरूआत की है।

श्रीमती फुलेश्वरी साहू सामान्य आय वाले परिवार से हैं। वर्ष 2015



में उनकी प्रथम संतान के रूप में पुत्री गरिमा साहू के जन्म पर बहुत खुशी हुई। बेटी के जन्म के साथ ही उसकी शिक्षा एवं उ वल भविष्य तथा अन्य आवश्यकताओं के लिए राशि बचत करने का मन बनाया। इसी दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला मालेकर के माध्यम से नोनी सुरक्षा योजना की जानकारी मिली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बालिकाओं के उ वल भविष्य और उनके सशक्तिकरण के उद्देश्य से नोनी सुरक्षा योजना संचालित की जा रही है। योजना में राज्य शासन द्वारा लाभार्थी बालिका के नाम पर भारतीय जीवन बीमा निगम में 5 वर्षो तक प्रतिवर्ष 5000 रूपए कुल 25000 रूपए जमा किए जाते हैं। बालिका के 18 वर्ष की आयु पूरी करने और कक्षा 12वीं उत्तीर्ण होने पर 1 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच लाना, भ्रूण हत्या रोकना, शिक्षा को बढ़ावा देना एवं बाल विवाह पर रोक लगाना है। नोनी सुरक्षा योजना की जानकारी मिलने के बाद फुलेश्वरी साहू ने अपनी पुत्री गरिमा साहू को योजना का लाभ दिलाने के लिए उसका योजना के तहत पंजीयन कराया। नोनी सुरक्षा योजना से जुडने के साथ ही फुलेश्वरी ने अपनी पुत्री गरिमा के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता भी खुलवाया है। वह इस खाते में प्रतिमाह 500 रूपए जमा कर रही हैं। इस तरह शासन की योजना से मिलने वाले सहयोग के साथ वह स्वयं भी नियमित बचत कर बेटी के भविष्य के लिए आर्थिक आधार तैयार कर रही हैं।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : रबी 2025-26 के लंबित बीमा दावा भुगतान के निराकरण के लिए किसानों से बैंक विवरण जमा करने की अपील

राजनांदगांव 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी 2025-26 में फसल बीमा कराने वाले कुछ किसानों की दावा भुगतान राशि विभिन्न बैंकिंग एवं खाता संबंधी कारणों से उनके बैंक खातों में जमा नहीं हो पा रही है। जिले में ऐसे कुल 5412 आवेदन लंबित व प्रक्रियाधीन हैं। विकासखंडवार लंबित व प्रक्रियाधीन आवेदनों में राजनांदगांव से 1545, डोंगरगढ़ से 2290, डोंगरगांव से 603, लाल बहादुर नगर से 829 तथा छुरिया से 145 आवेदन शामिल हैं। बीमा कंपनी द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार दावा भुगतान में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित किसानों से आवश्यक बैंक संबंधी जानकारी प्राप्त की जा रही है। ऐसे किसान अपने आधार से लिंक बैंक खाते की पासबुक के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की फोटोकॉपी, जिस पर बैंक की सील, हस्ताक्षर एवं आईएफएसडी कोड स्पष्ट रूप से अंकित हो, अपने निकटतम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करने कहा गया है। यदि किसान का पूर्व बैंक खाता बंद अथवा निष्क्रिय हो गया है, तो संबंधित बैंक से संपर्क कर सक्रिय एवं आधार-लिंक बैंक खाते की जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है। वहीं बीमित किसान की मृत्यु होने की स्थिति में नामिनी व कानूनी उत्तराधिकारी द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज-मृत्यु प्रमाण-पत्र, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र एवं संबंधित निर्धारित प्रपत्र जमा करना अनिवार्य होगा। कृषि विभाग द्वारा प्राप्त सभी जानकारी का संकलन कर संबंधित बीमा कंपनी को प्रेषित किया जाएगा, ताकि पात्र किसानों के लंबित दावा भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जा सके। कृषि विभाग द्वारा लंबित दावा भुगतान के निराकरण की कार्रवाई समय पर पूर्ण करने के लिए पात्र किसानों से आवश्यक दस्तावेज शीघ्र अपने निकटतम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अपील की गई है।

## मिलने गए तो मलेशिया के पीएम तो मिले

देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन दो दिन चला और दोनों दिन पूरे देश में विश्व के नेताओं के साथ पीएम मोदी की चर्चा रही। अखबार हो या टीवी चैनल सभी जगह विश्व के नेता व मोदी छाए रहे, उन्हीं की बातें होती रहीं।किसने क्या कहा, उसका क्या मतलब है, इसका विश्लेषण होता रहा।चर्चा होती रही कि सम्मलेन सफल रहा, विश्व में सम्मेलन की और मोदी की खूब तारीफ हुई। सबने हर तरह से सम्मेलन को सफल बताया।कांग्रेस और राहुल गांधी की कोई खबर नहीं थी तो खबर में रहने के लिए कुछ तो करना था कांग्रेस व राहुल गांधी को।इसके लिए किया यह गया कि मलेशिया के पीएम से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी मिलने चले गए। अब मिलने चले गए तो खबर तो बननी ही थी कि राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहीम से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने भारत व मलेशिया के द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की। राहुल गांधी व प्रियंका चाहते तो यह बात किसी को पता नहीं चलती लेकिन इसे खबर की तरह प्रचारित करना था इसलिए कांग्रेस ने इसे सोशल मीडिया पर फोटो को पोस्ट किया तो देश को पता चला कि इतने सारे बड़े नेताओं में मलेशिया के पीएम से राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने मुलाकात की।देश को यह भी पता चला कि आज भी गांधी परिवार के दोस्त विश्व के बड़े नेता हैं। वैसे बताया तो यह जाता है कि मलेशिया के पीएम के गांधी परिवार से पुराने संबंध है, वह राहुल गांधी के दोस्त है, वह जब भी भारत आते हैं, राहुलगांधी से जरूर मिलते हैं। कई लोग कह सकते हैं कि क्या दिन आ गए हैं गांधी परिवार के।उनको मिलने के लिए दूसरे देश के पीएम के पास जाना पड़ रहा है।एक वक्त यह भी था कि भारत जब भी विश्व का कोई बड़ा नेता आता था वह गांधी परिवार के लोगों से जरूर मिलता था। कांग्रेस सत्ता में नहीं भी थी तो कई देशों के नेता सोनिया गांधी से जरूर मिलने आते थे।

पीएम मोदी के आने के बाद यह परंपरा खत्म हो गई है।इससे गांधी परिवार को लगता तो होगा कि उनका महत्व देश में कम हो गया है।कई बार गांधी परिवार के लोगों की तरफ से बयान भी आता है कि पीएम मोदी विश्व के नेताओं से राहुल गांधी को मिलने नहीं देते हैं।इस बार तो यह बात गलत साबित हो गई न क्योंकि राहुल गांधी व प्रियंका मलेशिया के पीएम से मिलने गए तो उनको किसी ने कहां रोका। हकीकत यह है कि विश्व के बड़े नेताओं को जो कार्यक्रम उनके देश में बनता है यहां उसी कार्यक्रम के हिसाब से वह लोगों से मिलते हैं। राहुल गांधी से मिलने का कार्यक्रम ही नहीं होता है वह कैसे राहुल गांधी से मिल सकते हैं।दरअसल कांग्रेस ने अपने समय में ऐसी कोई परंपरा ही नहीं बनाई कि विश्वस्तरीय कोई कार्यक्रम हो तो उसमें विपक्ष के नेता को भी बुलाया जाए।यही वजह है कि आज भी देश में विश्वस्तरीय कोई कार्यक्रम होता है तो उसमें विपक्ष के नेता को नहीं बुलाया जाता है। देश में जो भी राष्ट्रीय कार्यक्रम होते हैं,उसमें विपक्ष के नेता के तौर पर बुलाया जाता है जैसे पिछले १५ अगस्त को बुलाया गया तो राहुल गांधी नहीं आए।कई बार बुलाने पर भी राहुल गांधी राष्ट्रीय कार्यक्रम में नहीं जाते हैं,जब बुलाने पर आते ही नहीं है तो इस बार राहुल गांधी को सम्मेलन के दौरान आयोजित रात्रि भोज में भी नहीं बुलाया गया। जबकि सलमान खुर्शीद ने मांग भी की थी कि विपक्ष को भी सम्मेलन में बुलाया जाना चाहि।रात्रि भोज में सभी राज्यों के सीएम को,केंद्रीय मंत्रियों को बुलाया गया था। पीएम मोदी ने कई बड़े नेताओं से भाजपा नेताओं को मिलवाया भी ताकि वह भी वाकिफ रहे कि मोदी के बाद भारत की कमान यही लोग संभालने वाले हैं।पीएम मोदी  अपनी पार्टी की दूसरी लाइन तैयार करने में सजग रहते हैं ताकि भाजपा में हर स्तर पर नेतृत्व करने वालों की कमी न रहे। कोई आयोजन हो और कांग्रेस नेता उसकी आलोचना न करें ऐसा तो हो नहीं सकता। इस बार कांग्रेस की आपत्ति इस बात को लेकर थी कि इतने बड़े आयोजन में बड़े बड़े नेताओं का शाकाहारी भोजन परोसा गया। मांसाहारी भोजन नहीं परोसा गया।राहुल गांधी ने पोस्ट में देश को बताया कि देश में ज्यादातार लोग मांसाहारी है और भारतीय मांसाहारी व्यंजन बहुत स्वादिष्ट होते है।वही पवन खेड़ा ने कहा कि खान पान की अपनी पसंद देश के लोगों पर थोपने की भाजपा की पुरानी आदत है।अब विश्व के गणमान्य लोगों पर भी भाजपा ने अपनी पसंद थोप दी।इस पर किरन रिजिजू ने पलटवार करते कहा कि विपक्ष के पास शिखर सम्मेलन की आलोचना के लिए सिर्फ खाने का मेनू है तो यह सम्मेलन की सफलता को बताता है।जहां तक सम्मेलन के दौरान भोजन का सवाल है तो वह मांसाहार तो हो नहीं सकता था क्योंकि पीएम मोदी व भाजपा सनानत को मानने वाले लोग हैं।वह ऐसा नहीं करते तो उनकी आलोचना यह कहकर होती कैसे सनातनी हैं।देश के सनातनी भी मांसाहार परोसने पर नाराज होते।पीएम मोदी व भाजपा सनातनियों को नाराज नहीं कर सकते।यही वजह है कि हर सम्मेलन में कुछ न कुछ ऐसा किया जाता है कि सनातनी खुश रहें,संतुष्ट रहें।

## राशिफल

मेष  मेष राशि वालों को व्यापार में आज धैर्य से काम करना होगा। प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में दिन सामान्य रहेगा। इस समय नौकरी करने वालों को कार्यक्षेत्र में अपनी योजनाओं पर ध्यान देने से ही लाभ होगा।

वृषभ  दिन आपके लिए परेशानियां लेकर आ सकता है। शाम के समय आपको घर-परिवार से जुड़े मामलों में आज थोड़ी बेचैनी महसूस हो सकती है। इसके अलावा यात्रा पर जाने के लिए किसी अनुभवी से बात भी करेंगे। वहीं, किसी बात को लेकर मन परेशान रह सकता है।

मिथुन  सेहत का आपको खास ध्यान रखना होगा। लाभ कमाने के अवसर हाथ से निकल सकते हैं, जिस कारण मन परेशान रहेगा। लेकिन प्रेम और संतान से जुड़े मामलों में दिन बेहद सकारात्मक रहेगा। इस समय परिवार का सहयोग भी आपको खुश रखेगा।

कर्क  कर्क राशि वालों के लिए दिन नए संकेत लेकर आया है। हालांकि, व्यापार के मामलों में लापरवाही आपको भारी पड़ सकती है। प्रेम और संतान के मामले में सुखद स्थिति बनेगी।

सिंह  सिंह राशि वालों को व्यापार में बड़ा लाभ होने के योग हैं। आज मन को शांति मिलेगी लेकिन किसी रिश्ते के योग है, जिस कारण थोड़ी घबराहट होगी। व्यापार के मामले में शानदार परिणाम मिल सकते हैं।

कन्या  कन्या राशि वालों को खुशियां मिलने की आज अधिक संभावनाएं हैं। सरकारी क्षेत्र से जुड़े किसी काम में भी लाभ मिलने की भी संभावना है। सिरदर्द और आंखों से जुड़ी परेशानी से राहत मिल सकती है। कोई वस्तु आप आज खरीद सकते हैं।

तुला  तुला राशि वालों को कोई बात आज परेशान कर सकती है। मन में किसी अनजाने डर का भाव मानसिक दबाव को बढ़ा सकता है। लेकिन प्रेम और संतान से जुड़े मामले सामान्य रहेंगे, जबकि व्यापार में अच्छे परिणाम मिलने के योग हैं।

वृश्चिक  संतान और व्यापार से जुड़े मामलों में दिन मिला-जुला रहेगा। काम से जुड़े मामलों में सकारात्मक प्रगति देखने को मिल सकती है। परीक्षा की तैयारी में धैर्य के साथ आगे बढ़ना आपके लिए बेहतर रहेगा।

धनु  आज यात्रा करते समय विशेष सावधानी रखें। किसी भी महत्वपूर्ण विषय पर जल्दबाजी में बड़ा फैसला लेने से बचें। किसी स्थिति में मान-सम्मान को लेकर चिंता मन को परेशान कर सकती है। नए लोगों के साथ काम करने की योजना बनेगी।

मकर  मकर राशि वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। परिवार से मिलने वाला सहयोग मन को प्रसन्न रखेगा। व्यापार भी ठीक चलता रहेगा और कामकाज में सामान्य स्थिति बनी रहेगी। कला के क्षेत्र में कोई बड़ी खुशखबरी मिलती दिख रही है।

कुंभ  नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर कुछ नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। काम से जुड़े मामलों में सावधानी बरतें। आज का दिन थोड़ा परेशान करने वाला रह सकता है। सरकारी कार्यों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी।

मीन  व्यापार की स्थिति फिलहाल सामान्य बनी रहेगी। किसी यात्रा के लिए आप आज तैयारी करेंगे। करियर को लेकर समझदारी से काम लेने पर परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं।

## विश्लेषण

# शुल्क की आहट और यूपीआई का भविष्य

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

अंततः अमेरिकी दबाव ने असर दिखाया—यह निष्कर्ष आकर्षक जरूर है, लेकिन 14 सितंबर की वित्त मंत्रालय की अधिसूचना को समझने के लिए थोड़ी सावधानी जरूरी है। अधिसूचना ने !2,000 तक के यूपीआई लेन-देन और रुपे डेबिट कार्ड भुगतान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शुल्क लगाने से बैंकों और भुगतान-प्रणाली प्रदाताओं को रोक दिया है। परंतु !2,000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर तत्काल कोई उपभोक्ता शुल्क लागू नहीं किया गया है; अधिसूचना ने केवल बड़े लेन-देन पर भविष्य में शुल्क या एमडीआर की संभावना के लिए रास्ता खुला छोड़ा है। फिर भी चिंता वास्तविक है। क्योंकि नीतियों का असर केवल उस शब्द से नहीं समझा जाता जो अधिसूचना में लिखा है; यह भी देखना पड़ता है कि उसके बाद बाजार का व्यवहार किस दिशा में जाता है। आज शुल्क सीधे ग्राहक से न लिया जाए, कल व्यापारी से लिया जाए और परसों व्यापारी उसे वस्तुओं और सेवाओं की कीमत में जोड़ दे—तो अंततः भार उपभोक्ता पर ही आ सकता है। आर्थिक व्यवस्था में लागत का कोई भी नया तत्व लंबे समय तक अपने मूल स्थान पर नहीं रहता; वह किसी न किसी रूप में कीमत, कमीशन या सेवा-शुल्क बनकर बाजार में फैल सकता है।

सरकार का वर्तमान निर्णय यह नहीं कहता कि !2,000 से ऊपर का हर यूपीआई भुगतान अब शुल्कयुक्त हो गया है। अधिसूचना का स्पष्ट प्रावधान यह है कि !2,000 तक के यूपीआई लेन-देन पर बैंक या भुगतान-प्रणाली प्रदाता भुगतान करने वाले अथवा प्राप्त करने वाले व्यक्ति से कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शुल्क नहीं ले सकते। बड़े भुगतान के संबंध में न तो कोई निश्चित दर घोषित की गई है और न ही यह कहा गया है कि आम उपयोगकर्ता को तुरंत अतिरिक्त पैसा देना होगा।

लेकिन नीति का संकेत उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उसका वर्तमान प्रभाव। लंबे समय से यूपीआई पर एमडीआर यानी व्यापारी छूट दर लगाने की चर्चा चलती रही है। एमडीआर वह शुल्क है जो किसी डिजिटल भुगतान को संसाधित करने के लिए व्यापारी या भुगतान-प्रणाली से जुड़े पक्षों के बीच लिया जाता है। यदि भविष्य में !2,000 से अधिक के व्यापारी भुगतान पर एमडीआर लगाया गया, तो बैंक, भुगतान अनुप्रयोग और भुगतान-संसाधक अपनी लागत वसूलने का प्रयास कर सकते हैं। यही वह बिंदु है जहाँ नागरिकों की आशंका शुरू होती है।

सरकार शायद यह तर्क दे सकती है कि छोटे भुगतान गरीब, निम्न-मध्यमवर्गीय और रोजमर्रा के उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त रहेंगे। यह तर्क अपने आप में समझने योग्य है। चाय, दूध, सब्जी, स्थानीय परिवहन या छोटी दुकान के भुगतान पर शुल्क न लगे, यह डिजिटल समावेशन के लिए महत्वपूर्ण है। मगर प्रश्न यह है कि क्या !2,000 की सीमा के ऊपर शुल्क लगाने की व्यवस्था बड़े व्यापार तक सीमित रहेगी? और यदि वह सीमित रहेगी, तो इसकी निगरानी कौन करेगा?

यह मान लेना कठिन है कि व्यापारी अतिरिक्त लागत को हमेशा अपने मुनाफे से वहन करेगा। बड़े संगठित कारोबार कुछ समय तक भुगतान-प्रसंस्करण की लागत को सह सकते हैं, पर छोटे व्यापारियों के लिए हर शुल्क मायने रखता है। किराना दुकानदार, ऑनलाइन विक्रेता, निजी शिक्षक, चिकित्सक, मरम्मत-कर्मी और छोटे सेवा-प्रदाता अपनी लागत को किसी न किसी रूप में ग्राहक तक पहुंचा सकते हैं।

कल्पना कीजिए कि किसी व्यापारी पर प्रत्येक बड़े यूपीआई भुगतान पर एक प्रतिशत का शुल्क लगता है। वह ग्राहक को कह सकता है कि नकद भुगतान करें, या डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त राशि दें, या वस्तु की कीमत में मामूली वृद्धि कर सकता है। ग्राहक को अलग से शुल्क दिखाई न दे, फिर भी वह बढ़ी हुई कीमत के रूप में भुगतान कर सकता है। इसीलिए केवल यह कहना पर्याप्त नहीं कि शुल्क "प्राप्तकर्ता" देगा। प्राप्तकर्ता भी बाजार का हिस्सा है और बाजार में कोई भी लागत अंततः कीमतों में समायोजित हो सकती है। इससे डिजिटल भुगतान की उस सहजता पर भी असर पड़ सकता है जिसने यूपीआई को भारत के आर्थिक जीवन का सामान्य हिस्सा बना दिया है। आज ग्राहक को यह सोचने की जरूरत नहीं पड़ती कि भुगतान के लिए उसके पास नकद है या कार्ड। मोबाइल और बैंक खाते के सहारे कुछ सेकंड में लेन-देन पूरा हो जाता है। यदि बड़े भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क, असफल लेन-देन, अलग-अलग अनुप्रयोगों की दरें या व्यापारी द्वारा मनमाना अधिभार आने लगे, तो यह भरोसा कमजोर हो सकता है।

अमेरिकी कंपनियों और ट्रंप प्रशासन के दबाव का आरोप राजनीतिक बहस का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसे प्रमाणित तथ्य की तरह प्रस्तुत करने से पहले ठोस दस्तावेज, आधिकारिक बयान और वार्ताओं का सार्वजनिक रिकॉर्ड सामने होना चाहिए। विदेशी कंपनियों का अपने हितों के लिए सरकारों पर दबाव बनाना असामान्य नहीं है। वैश्विक भुगतान कंपनियां चाहती हैं कि भुगतान बाजार में प्रतिस्पर्धा के नियम उनके अनुकूल हों और घरेलू प्रणालियों पर लगाए गए संरक्षणात्मक प्रावधान धीरे-धीरे कम हों।




यह भी सच है कि यूपीआई ने भारत में भुगतान के क्षेत्र में ऐसा मॉडल खड़ा किया है जिसमें उपयोगकर्ता को लगभग शून्य लागत पर त्वरित भुगतान की सुविधा मिली। इस व्यवस्था ने पारंपरिक कार्ड नेटवर्क और विदेशी भुगतान कंपनियों के व्यावसायिक मॉडल को चुनौती दी है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय कारोबारी हितों का इस बहस में होना स्वाभाविक है। मगर किसी नीति-निर्णय को केवल "अमेरिका के दबाव" का परिणाम बताने से घरेलू आर्थिक कारणों की चर्चा अधूरी रह जाती है।

बैंकों और भुगतान अनुप्रयोगों का तर्क है कि यूपीआई के व्यापक संचालन, साइबर सुरक्षा, तकनीकी ढांचे और ग्राहक-सहायता पर खर्च होता है। दूसरी ओर सरकार ने वर्षों तक यूपीआई को मुफ्त रखकर डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार को प्राथमिकता दी। अब यदि इस व्यवस्था की लागत का प्रश्न उठ रहा है, तो सरकार को पारदर्शी ढंग से बताना चाहिए कि कुल लागत कितनी है, उसका कितना भाग कौन वहन करेगा और शुल्क से प्राप्त धन का उपयोग किस उद्देश्य से होगा।

इस मुद्दे पर राष्ट्रवाद का आवरण डालना लोकतांत्रिक बहस को कमजोर करेगा। यदि सरकार ने यह निर्णय किसी विदेशी दबाव में नहीं, बल्कि घरेलू आर्थिक विवशताओं या भुगतान-तंत्र की स्थिरता के लिए लिया है, तो उसे स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। यदि किसी अंतरराष्ट्रीय बातचीत का प्रभाव पड़ा है, तो संसद और जनता को उसके बारे में जानकारी मिलनी चाहिए। पारदर्शिता राष्ट्रहित के विरुद्ध नहीं होती; वह राष्ट्रहित की पहली शर्त है। सरकार को कम-से-कम चार बातें सुनिश्चित करनी चाहिए—पहली, बड़े यूपीआई भुगतान पर कोई भी शुल्क दर सार्वजनिक और तर्कसंगत हो; दूसरी, छोटे व्यापारियों पर लागत का असंगत बोझ न पड़े; तीसरी, ग्राहक से छिपे हुए अधिभार की अनुमति न हो; और चौथी, भुगतान सेवा प्रदाताओं के बीच प्रतिस्पर्धा बनी रहे। इसके साथ शिकायत-निवारण और शुल्क-वापसी की स्पष्ट व्यवस्था भी जरूरी है।

यूपीआई केवल तकनीकी मंच नहीं, बल्कि भारत की रोजमर्रा की अर्थव्यवस्था का आधार बन चुका है। इसलिए इसकी लागत का फैसला बंद कमरों में या राजनीतिक नारों के बीच नहीं होना चाहिए। !2,000 तक के भुगतान को मुफ्त रखने का निर्णय राहत देता है, लेकिन उससे ऊपर के भुगतान पर संभावित शुल्क की अस्पष्टता चिंता पैदा करती है। सरकार को यह भ्रम दूर करना होगा कि क्या वह केवल भुगतान-तंत्र की लागत का समाधान खोज रही है या धीरे-धीरे नागरिकों की जेब पर नया बोझ डालने की तैयारी कर रही है। नागरिकों से भी यही अपेक्षा है कि वे हर सरकारी निर्णय को स्वतः राष्ट्रहित का प्रमाण न मानें। राष्ट्रहित का अर्थ सरकार का समर्थन करना नहीं, बल्कि ऐसी नीतियों की मांग करना है जिनमें जनता को सही सूचना, उचित कीमत और जवाबदेही मिले। यूपीआई की सफलता भरोसे पर टिकी है। यदि शुल्क की आहट उस भरोसे को कमजोर करती है, तो सरकार को केवल अधिसूचना नहीं, बल्कि पूरी नीति का सामाजिक और आर्थिक हिसाब जनता के सामने रखना चाहिए।

# हर मरीज की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सुरक्षा तक पहुंच हो

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**



अभी हाल ही में समाचारपत्रों में एक खबर पढ़ी थी, कोटा राजस्थान की 15 वर्षीय तन्वी परियानी नामक लड़की गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थी, वर्ष 2014 से 13 साल तक एम्स दिल्ली में ऑपरेशन की राह देखते-देखते 1 सितंबर को उसका देहांत हो गया, इन 13 सालों में तन्वी के परिवार के लाखों रूपये खर्च हुए, ऑपरेशन की नई तारीखे मिलती रही, लेकिन ऑपरेशन नहीं हुआ। तन्वी के पिता ने अस्पताल पर दोष लगाया और कहा कि, गरीब हूँ, लेकिन बेटी के मौत के बाद भी न्याय के लिए लड़ता रहूँगा। तन्वी के मौत के बाद एम्स ने इलाज और मौत के मामले की समीक्षा के लिए जाँच समिति गठित की हैं। भारत देश गांवों में बसता है, क्योंकि बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है, लेकिन रोजाना ग्रामीण क्षेत्र में होनेवाली अनेक हृदय विदारक घटनायें इंसानियत को शर्मसार कर देते हैं। मध्यप्रदेश के बालाघाट के आदिवासी क्षेत्र के 30 से ज्यादा बच्चों के मौत की खबरों ने विचलित कर दिया, ऐसी दुखद घटनायें स्वास्थ्य सुविधा सुरक्षा पर सीधे सवाल खड़े करती हैं। अभी हाल ही में तेलंगाना के कोलमगुडा ग्रामीण भाग में सात महीने की गर्भवती महिला गंभीर रूप से बीमार पड़ गई, खराब सड़क और कोई सुविधा न होने के कारण गांव के लोगों ने उफनती हुयी नदी पार करके कामचलाऊ स्ट्रेचर बनाकर उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया। यह केवल एक घटना नहीं है, रोजाना ऐसी अनेक घटनाएं गांवों में घटित होती है, बहुत से भागों में सड़कें तक नहीं होती, कि स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच सकें। वक्त पर उपचार न मिलने के कारण हर साल बड़ी संख्या में लोग जान गवाते हैं। ग्रामीण भागों के स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की कमी तो अक्सर बनी ही रहती है, अत्याधुनिक सेवा-सुविधा तो जैसे सपना ही हैं।

हर साल 17 सितंबर को दुनियाभर में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और सुरक्षा मिलें, इसलिए विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाता हैं। इस साल 2026 की थीम "गैर-संचारी रोगों के लिए सुरक्षित देखभाल" है एवम इसका आधिकारिक नारा "जीवन के लिए सुरक्षित देखभाल" यह हैं। भारत देश में मरीज सुरक्षा के सामने स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक बोझ, कर्मचारियों की भारी कमी, अत्याधुनिक संसाधनों की कमी और रोगी-सेवा प्रदाता के बीच उच्च अनुपात जैसी बड़ी चुनौतियां हैं। हमारे देश में जनसंख्या के मुकाबले स्वास्थ्य चिकित्सकों की भारी कमी है, भले ही महानगरों और शहरों में पांच सितारा होटल जैसे नवनवीन निजी अस्पताओं का शुभारंभ हो रहा है, सरकार की ओर से भी चिकित्सा सेवा को मजबूत बनाने में जोर दिया जा रहा है, फिर भी अत्यधिक बढ़ती बीमारियां देश की आबादी पर तेजी से शिकंजा कस रही है, इसमें  गरीब और मध्यम वर्ग विशेषत ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को संघर्ष करना पड़ता हैं। एम्बुलेंस के लिए पैसे न होने के कारण अपनों के लाशों को कंधे पर ढोते परिजन को हमने बहुत बार देखा हैं। सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम स्टैटिस्टिकल रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में हुई कुल मौतों में से लगभग आधी मौतें किसी प्रशिक्षित व्यावसायिक की मेडिकल देखरेख के बिना हुईं। 2024 में ऐसी मौतों का हिस्सा 45.5 प्रतिशत था, जो 2020 में दर्ज 18 फीसदी से दोगुने से भी ज़्यादा है और 2021 से यह कुल मौतों के लगभग आधे के बराबर बना हुआ हैं। इस श्रेणी में वे लोग शामिल हैं जिन्हें मृत्यु के समय कोई चिकित्सा सहायता नहीं मिली, या जिनकी देखभाल केवल एक अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा की गई थी। 2024 में, प्रशिक्षित चिकित्सा देखभाल के बिना होने वाली मौतों का अनुपात ग्रामीण क्षेत्रों में काफी अधिक, 48.9 प्रतिशत, शहरी क्षेत्रों में, 36.1 फीसदी था। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, स्वास्थ्य देखभाल के दौरान हर 10 में से लगभग 1 मरीज़ को नुकसान पहुँचता है और असुरक्षित देखभाल के कारण हर साल 30 लाख से ज़्यादा मौतें होती हैं। कम और मध्यम आय वाले देशों में, असुरक्षित देखभाल के कारण हर 100 में से 4 लोगों की मौत हो जाती हैं। 50 फीसदी से ज़्यादा नुकसान को रोका जा सकता है, इस नुकसान का आधा हिस्सा दवाओं से जुड़ी समस्याओं के कारण होता हैं। कुछ अनुमानों के अनुसार, प्राइमरी और एम्बुलेटरी सेटिंग्स में हर 10 में से 4 मरीज़ों को नुकसान पहुँचता है, जबकि इस नुकसान में से 80 फीसदी तक को रोका जा सकता हैं। जैसे :- दवा से जुड़ी गलतियाँ, असुरक्षित सर्जिकल प्रक्रियाएँ, हेल्थ केयर से जुड़े संक्रमण, जाँच या डायग्नोसिस में गलतियाँ, मरीज़ का गिरना, प्रेशर अल्सर, मरीज़ की गलत पहचान, असुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन और वीनस थ्रोम्बोएम्बोलिज्म। मरीज़ को होने वाले नुकसान से ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ में कमी आ सकती हैं। ग्लोबल स्तर पर, इस नुकसान की अप्रत्यक्ष लागत हर साल खरबों अमेरिकी डॉलर होती हैं। हेल्थवॉइस - मेडिसर्कल मीडिया वेंचर जर्नल में प्रकाशित रिसर्च कहती है कि, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे जटिल स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में से एक होने के नाते, भारत पर इस बोझ का एक बड़ा हिस्सा हैं। 18वीं सालाना मेडलीगल रिव्यू के अनुसार, अकेले 2025 में भारत में मेडिकल लापरवाही के 65,000 मामले दर्ज किए गए। ऐसे मामलों से सामने आए जोखिम एक बड़ी वैश्विक समस्या को दर्शाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि, असुरक्षित मेडिकल देखभाल के कारण हर साल अनुमानित 138 मिलियन मरीज़ों को नुकसान पहुँचता हैं।आजकल हर क्षेत्र में नकली उत्पाद की भरमार है, दवा बाजार भी इससे अछूता नहीं। नकली दवाओं का साम्राज्य तेजी से फलफूल रहा हैं। नकली दवाओं के नेटवर्क और उत्पादन में तेज़ी से हो रही बढ़ोतरी के कारण, नकली दवाओं को रोकने वाली पैकेजिंग का ग्लोबल मार्केट 2026 में 129 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। महाराष्ट्र के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं का जखीरा मिलने की वारदातें भी हो चुकी हैं। कुछ समय पहले ही सरकारी नागपुर मेडिकल महाविद्यालय व अस्पताल में यह पुष्टि हुई थी।

**विश्व रोगी सुरक्षा दिवस विशेष**

एक दौर था, जब चिकित्सक हाथों की नब्ज, आंखे, जबान देखकर ही बीमारियों का पता लगाते थे, शायद ही कभी टेस्ट करते थे। लेकिन आज चिकित्सालय में जाने पर अधिकतर बार पहले टेस्ट लिखकर दिया जाता है, फिर रिपोर्ट आने पर इलाज होता हैं। बहुत बार तो टेस्ट कहा करना और दवा कहा से लेना है यह भी तय होता हैं। चिकित्सक सरकारी अस्पतालों में सेवा देने के बजाय निजी अस्पतालों में कार्य को प्राथमिकता देते हैं। अधिकतर पाश्चिमात्य और विकसित देशों में चिकित्सक को कड़े कानून के तहत पूरी ईमानदारी और कौशल से स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य करने पड़ते है, मरीज के इलाज के दौरान थोडीसी भी गलती या लापरवाही पर चिकित्सक को जिम्मेदार ठहराते हुए उनका लाइसेंस जप्त किया जाता है और सजा दी जाती हैं। लेकिन हमारे देश में इलाज के दौरान होनेवाली लापरवाही पर ऐसी जवाबदेही तय नहीं है जो पारदर्शकता दर्शाये।बाकी क्षेत्रों की तरह ही स्वास्थ्य क्षेत्र में भी धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, जालसाजी और अनैतिकता की घटनाओं के बारे में खबरें देखने-सुनने को मिलती हैं। सोशल मीडिया के दौर में तो आये दिन इस क्षेत्र के वीडियो वायरल होते हैं। लेकिन दुनिया में केवल यही एक ऐसा क्षेत्र है, जहां चिकित्सक को अमूल्य जान बचानेवाले भगवान का दर्जा दिया जाता हैं। हर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बेहद सहज ढंग से मिलनी चाहिए। केवल पैसों की कमी की वजह से किसी भी मासूम को जान गवाना ना पड़े। ग्रामीण, दूर-दराज, पिछड़े इलाकों में भी स्वास्थ्य सुविधाओं की पकड़ मजबूत होनी चाहिए। सबको स्वास्थ्य सुविधा का अधिकार है, तो हर एक तक उसकी पहुंच भी होनी चाहिए।

## सू- दोकू क्र.163

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 162 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -163

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 162 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# पीएससी परीक्षा में कथित गड़बड़ी को लेकर विधायक विक्रम मंडावी ने उठाए सवाल

## कहा-युवाओं का भविष्य दांव पर, उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक करने और इंटरव्यू स्थगित करने की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 सितंबर।** जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में विधायक विक्रम मंडावी ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (CGPSC) की परीक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने वर्ष 2024 और 2025 की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की।

मंडावी ने कहा कि वर्ष 2025 में 265 पदों के लिए मुख्य परीक्षा के बाद नियमानुसार पदों की संख्या के तीन गुना यानी 795 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाए जाने की बात थी, लेकिन 608 अभ्यर्थियों को ही इंटरव्यू के लिए चयनित किया गया। उन्होंने आयोग से 187 अभ्यर्थियों के न्यूनतम अंक हासिल नहीं करने के आधार को स्पष्ट करने की मांग की। यह मुद्दा हाल में सार्वजनिक



रूप से भी उठाया गया है CGPSC की ओर से बताया गया है कि न्यूनतम अंकों के मानदंड के कारण 608 अभ्यर्थी पात्र हुए।

### मूल्यांकन प्रक्रिया पर भी सवाल

विधायक ने वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा की कुछ उत्तर पुस्तिकाओं में कथित तौर पर समान अथवा गलत उत्तरों पर अलग-अलग अंक दिए जाने का दावा किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों से मूल्यांकन प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते हैं। उन्होंने इंटरव्यू से पहले अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने की मांग की। मंडावी ने यह भी आरोप लगाया कि मूल्यांकन प्रक्रिया में गोपनीयता के नियमों का पालन नहीं किया गया। इन आरोपों पर आयोग की ओर से अलग-अलग प्रक्रियाओं और मूल्यांकन व्यवस्था को लेकर स्पष्टीकरण दिए जाने की खबरें सामने आई हैं।

### चार प्रमुख मांगें रखीं

विधायक ने सरकार और आयोग से मामले का निराकरण होने तक इंटरव्यू स्थगित करने, चयनित अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराने, अन्य अभ्यर्थियों को भी उनकी कॉपियां उपलब्ध कराने तथा मूल्यांकनकर्ताओं के लिए स्पष्ट मॉडल उत्तर और दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों के बीच किसी तरह का संदेह न रहे।प्रेसवार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियाम, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, आर. वेणुगोपाल राव, इम्तियाज खान, बेनहूर रावतिया, प्रवीण कोरसा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गांव-गांव पहुंचकर कलेक्टर-सीईओ ने देखी विकास कार्यों की हकीकत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 17 सितंबर।** कलेक्टर विश्वदीप और जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने बुधवार को भैरमगढ़ जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बंगोली, माटवाड़ा और नेलसनार में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की मौके पर पहुंचकर जानकारी ली।

बांगोली में एग्रीस्टैक शिविर, माटवाड़ा में VB-G RAM-G के तहत वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, पोर्टाकेबिन और स्क्ष्क शिविर का निरीक्षण किया गया। वहीं नेलसनार में पोर्टा केबिन, मछलीपालन गतिविधियों और सामुदायिक स्वयंसेवी केंद्र सहित अन्य कार्यों की प्रगति देखी गई।कलेक्टर ने सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और तकनीकी अमले को सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने और नियमित निगरानी करने को कहा।अधिकारियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के हितग्राहियों से सीधे बातचीत कर आवास निर्माण की स्थिति और किश्तों की जानकारी ली। जिन पात्र हितग्राहियों को पहली किश्त नहीं मिली है, उन्हें बैंक खाते में छ्क्ष्क्ष लिंक कराने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। ग्रामीण युवाओं को ऋस्थ्ब्रङ्क के माध्यम से राजमिस्त्री प्रशिक्षण लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। श्रम विभाग के अधिकारियों ने श्रम कार्ड से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक समय पर पहुंचे, इसके लिए गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने मैदानी अमले को ग्रामीणों से लगातार संपर्क रखने और समस्याओं का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

## एक नज़र

### पुलिस ने सुबह जेल में तलाशी ली



**दुर्ग, 17 सितंबर (तछसं.)।** केन्द्रीय जेल दुर्ग में आज तड़के जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने औचक छापामार कार्रवाई कर जेल परिसर में हड़कंप मचा दिया। सुबह-सुबह 6 बजे के आसपास शुरु हुई इस अचानक कार्रवाई से जेल प्रशासन और बंदियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। तलाशी अभियान के दौरान जेल के भीतर से दो मोबाइल फोन, चिलम, बीड़ी-सिगरेट, तंबाकू, नेलकटर और कैंची जैसी कई आपत्तिजनक एवं प्रतिबंधित वस्तुएं बरामद की गई हैं। इस पूरी छापामार कार्रवाई का कमान स्वयं दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संभाली उनके साथ प्रशासनिक एवं पुलिस महकमे के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन में दुर्ग एडीएम वीरेंद्र सिंह, एडिशनल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) शोभराज अग्रवाल और दुर्ग सीएसपी हर्षित मेहर मुख्य रूप से शामिल थे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन के लगभग 100 अधिकारियों और जवानों की एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने तड़के ही पूरे जेल परिसर को अपने घेरे में ले लिया और बिना किसी पूर्व सूचना के जांच शुरू कर दी छापेमार कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम ने केन्द्रीय जेल के हर एक बैरक, शौचालय, अहाते और संभावित छिपने के स्थानों की बेहद बारीकी से तलाशी ली। सघन चेकिंग के दौरान बंदियों के कब्जे और बैरकों के गुप्त स्थानों से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए। इसके साथ ही नशे का सामान जैसे चिलम, बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू के अलावा सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक मानी जाने वाली वस्तुएं जैसे कैंची और नेलकटर भी पाई गई। कड़े सुरक्षा मानकों के बावजूद जेल परिसर के भीतर इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचना सुरक्षा तंत्र में गंभीर चूक की ओर इशारा करता है। कार्रवाई संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा जब्त की गई सभी आपत्तिजनक सामग्रियों की सूची बनाकर वैधानिक पंचनामा तैयार किया गया है। पंचनामा की रिपोर्ट दुर्ग कलेक्टर को सौंपी जा रही है, जिसके आधार पर आगे की दंडात्मक और सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि यह जांच का विषय है कि सुरक्षा जांच को चकमा देकर ये वस्तुएं जेल के अंदर कैसे पहुंचीं। इस मामले में जेल कर्मचारियों की मिलीभगत की भी जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त रुख अपनाया जाएगा।

### नौकरी के नाम पर 19 लाख की ठगी



**भिलाई, 17 सितंबर (तछसं.)।** विदेश की विभिन्न यूनिवर्सिर्टियों में एमबीए प्रवेश एवं पढ़ाई के बाद नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर कुल 19 लाख रुपए की ठगी करने वाले मामले में पति-पत्नी समेत पार्टनर पर स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने कार्रवाई की है स्मृति नगर चौकी प्रभारी अमित आनंद ने बताया कि सुमित अरमरकर निवासी सेक्टर-01, सड़क नं.-08 ने चौकी स्मृतिनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट के अनुसार स्मृतिनगर स्थित टॉप कैरियर कंसल्टेंसी के संचालक गगन गुप्ता उसकी पत्नी श्रीमती स्वाति अग्रवाल गुप्ता एवं उनके पार्टनर जसविंदर सिंह डिगवा ने आवेदक को विदेश में एमबीए की पढ़ाई कराने तथा पढ़ाई के बाद अच्छी नौकरी दिलाने का प्रलोभन दिया गया। आरोपियों ने यूनाइटेड किंगडम, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया एवं कनाडा की विभिन्न यूनिवर्सिटियों में एमबीए में प्रवेश दिलाने तथा विदेश में नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया गया। आरोपियों के बताए बैंक खातों में आवेदक ने अलग-अलग किस्तों एवं चेक के माध्यम से कुल 19 लाख रुपए जमा किए गए राशि प्राप्त करने के बाद आरोपियों ने विदेश भेजने एवं नौकरी दिलाने के नाम पर लगातार आश्वासन देकर टालमटोल की गई बाद में कनाडा की सिटीजनशिप एवं नौकरी दिलाने तथा विजिटर वीजा के माध्यम से विदेश भेजने का प्रलोभन देकर भी राशि प्राप्त की गई आवेदक को किर्गिस्तान भेजे जाने के बाद भी नौकरी नहीं दिलाई इसके कारण वह भारत वापस आ गया राशि वापस मांगने पर आरोपियों ने दो लाख रुपए राशि के तीन चेक दिए गए, जिन्हें बैंक में प्रस्तुत करने पर चेक बाउंस हो गए आवेदक की रिपोर्ट पर चौकी स्मृतिनगर थाना सुपेला में धारा 318 (4), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया विवेचना के दौरान चौकी स्मृतिनगर चौकी पुलिस टीम ने आरोपी गगन गुप्ता एवं जसविंदर सिंह डिगवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई पूछताछ में आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया गया आरोपियों का पूर्व आपराधिक प्रकरण नहीं पाए जाने से प्रकरण में धारा 35 (1) बीएनएस के प्रावधानों का पालन करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# बस्तर के धावक फुलधर नेताम की एनएमडीसी सहायता करेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर,17 सितंबर।** एनएमडीसी बस्तर के धावक फुलधर नेताम की व्यापक सहायता करने के लिए तैयार है, जो एनएमडीसी हैदराबाद मैराथन की ओपन श्रेणी में विजेता के रूप में उभरे हैं, जिसका उद्देश्य उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में आगामी बोस्टन मैराथन में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एक बेहतरीन एथलीट के रूप में विकसित करना है । छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के रहने वाले पुलिस कर्मी फूलधर नेतम ने मैराथन में 2 घंटे और 45 मिनट का समय लिया । एनएमडीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें सम्मानित किया और रू.5 लाख का चेक सौंपा।एनएमडीसी के निदेशक (कार्मिक) कृष्ण कुमार ठाकुर ने कहा कि कंपनी नेताम की सहायता के लिए संरचित कोचिंग, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, व्यावसायिक सुविधाओं की उपलब्धता और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी सहित सभी संभावित मार्गों की तलाश करेगी । ठाकुर ने कहा कि एनएमडीसी उचित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए भारत और विदेशों में संरचित प्रशिक्षण सुविधाओं सहित उनकी सहायता के लिए सभी संभावित मार्गों की तलाश करेगा । इसका उद्देश्य उन्हें उनकी पूरी क्षमता को विकसित करने और उन्हें प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए तैयार करने में मदद करना है । अभी मुख्य फोकस नेताम को बोस्टन मैराथन में प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और अनुभव दिलाने में है, जो दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित लंबी दूरी की दौड़ में से एक है ।

एनएमडीसी और हैदराबाद रनर्स सोसाइटी भी इस ईवेंट में उनकी एंट्री सुनिश्चित करने में मदद करने की संभावनाएं तलाश रहे हैं नेतम बस्तर और दंतेवाड़ा के लगभग 170 धावकों में से एक हैं, जिन्हें इस वर्ष हैदराबाद मैराथन में भाग लेने के लिए एनएमडीसी द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस क्षेत्र से धावकों की पहचान की गई और उन्हें प्रारंभिक प्रशिक्षण, यात्रा, आवास, दौड़ने के लिए किट और अन्य लॉजीस्टिक सहायता प्रदान की गई ।

नेताम के लिए तो शुरुआती लाइन तक पहुंचना भी अनिश्चित था ।मैंने तो यह भी नहीं सोचा था कि मुझे एंट्री मिलेगी या नहीं । मेरे दोस्त पाण्डू और बसंत सर ने मुझे हैदराबाद में एंट्री पाने में मदद की । एनएमडीसी ने जूते, किट और आवास सहित शुरू से अंत तक सब कुछ मुहैया कराया नेताम ने कहा । यह पहल बस्तर से खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए एनएमडीसी के प्रयास का हिस्सा है । यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहां एथलेटिक्स के लिए संगठित बुनियादी ढांचे और पेशेवर कोचिंग तक पहुंच पारंपरिक रूप से सीमित रही है ।नेताम, जो कि जगदलपुर में महानिरीक्षक कार्यालय में तैनात हैं, उन्होंने अपने पुलिस ड्यूटी के साथ संतुलन बनाए रखते हुए मुख्यतः अपने बलबूते पर तैयारी की ।वे सुबह और शाम प्रशिक्षण लेते थे और अपने अवकाश के दिनों में कठिन वर्कआउट करते थे ।उन्होंने कहा ÷मैं अपनी ड्यूटी से समय निकालता था । छुट्टी के दिनों में मैं मुश्किल वर्कआउट करता था । मैं सुबह और शाम अभ्यास करता था और सब कुछ खुद ही संभालता था । श्रीकृष्ण कुमार ठाकुर ने नेताम की इस उपलब्धि को उनके बैकग्राउन्ड और क्षेत्र में व्यवस्थित खेल सुविधाओं की कमी को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया । ठाकुर ने कहा ÷यह बहुत, बहुत बड़ी उपलब्धि है । वे पूरी तरह से एक रॉ टैलेंट हैं और देश के सबसे दूर-दराज के इलाकों से आते हैं, जो हाल तक हिंसा से बुरी तरह प्रभावित था । उन्होंने कहा कि एनएमडीसी ÷बहुत संतुष्ट÷ है कि उसकी पहल ने इस क्षेत्र के युवाओं को एक मंच प्रदान करने में मदद की है । इस वर्ष, उस क्षेत्र के 170 से अधिक युवाओं की पहचान की गई, उन्हें प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया और उनकी भागीदारी के लिए सभी व्यवस्थाओं के साथ हैदराबाद लाया गया ।

# कड़ेनार में वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में कड़ेनार विजयी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 सितंबर।** ग्राम पंचायत कड़ेनार की युवा समिति वॉलीबॉल क्लब के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं प्रदेश वॉलीबॉल संघ अध्यक्ष महेश गागड़ा ने किया। उन्होंने फीता काटकर प्रतियोगिता की शुरुआत की और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।प्रतियोगिता का पहला मुकाबला डीआरजी बीजापुर और कड़ेनार की टीम के बीच हुआ। रोमांचक मुकाबले में कड़ेनार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। महेश गागड़ा ने विजेता टीम सहित सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के लिए बधाई दी और आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने का अवसर देती हैं। इससे युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और खेल के प्रति रुचि भी बढ़ती है।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग, जिला उपाध्यक्ष राजू कलमू, जिला महामंत्री फूलचंद गागड़ा, मंडल अध्यक्ष अशोक राव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हरिहर साहनी, मीडिया प्रभारी सल्ला प्रताप, एरन्ना अन्मुल, ग्राम सरपंच,

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बदली बस्तर के सुदर्शन की तकदीर

**जगदलपुर, 17 सितंबर ।** दृढ़ संकल्प और सरकारी योजनाओं के सही तालमेल से किस तरह आजीविका की तस्वीर बदली जा सकती है, इसका जीवंत उदाहरण बस्तर जिले के दरभा विकासखंड अंतर्गत ग्राम रामपाल छिन्दावाडा निवासी कृषक श्री सुदर्शन बघेल ने पेश किया है। श्री बोरगा बघेल के पुत्र सुदर्शन एक समय अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मुख्य रूप से पारंपरिक खेती-बाड़ी पर ही निर्भर थे। इसके साथ ही वे आजीविका के लिए एक छोटी धान मिल चलाते थे और एक छोटी सी डबरी में सीमित स्तर पर पारंपरिक मछली पालन करते थे। हालांकि, सीमित संसाधनों और पुरानी कार्यप्रणाली की वजह से उनकी आमदनी बेहद सीमित थी और व्यवसाय का विस्तार करना लगातार चुनौतीपूर्ण बना हुआ था।

अपनी आय बढ़ाने के प्रयासों के दौरान जब उन्हें मत्स्य विभाग की योजनाओं की जानकारी मिली, तो उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' का रुख किया। इस योजना के तहत उन्होंने सवा एकड़ रकबा में तालाब निर्माण एवं इनपुट सहायता घटक का लाभ उठाया। अनुसूचित जनजाति वर्ग के अंतर्गत उन्हें साढ़े पांच लाख रुपये की कुल स्वीकृत लागत पर 60 प्रतिशत अनुदान राशि प्राप्त हुई। विभाग से मिली इस आर्थिक सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन ने उनके सपनों को नई दिशा दी। वैज्ञानिक प्रबंधन और कड़ी मेहनत के बल पर सुदर्शन ने तालाब में मिश्रित प्रजाति की मछलियों का पालन शुरू किया, जिसके फलस्वरूप बेहतर गुणवत्ता, बड़े आकार और अच्छे वजन वाली मछलियों का शानदार उत्पादन हुआ। उन्होंने व्यावसायिक सूझबूझ का परिचय देते हुए उपज को बिचौलियों के हाथों बेचने के बजाय अपने गांव और नजदीकी बाजारों में सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया।

# बड़ेआलवाड़ा के जंगल से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 17 सितंबर।** जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेआलवाड़ा के जंगल-पहाड़ी इलाके में पुलिस ने सर्चिंग के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई थाना फरसेगढ़, डीआरजी बीजापुर और बीडीएस टीम की संयुक्त टीम ने की।

पुलिस के अनुसार, 15 सितंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में संयुक्त टीम ने बड़ेआलवाड़ा के पास जंगल में सर्चिंग अभियान चलाया। इस दौरान छिपाकर रखी गई सामग्री बरामद हुई। बीडीएस टीम ने आवश्यक सुरक्षा प्रक्रिया और डिमाइनिंग के बाद सामग्री को सुरक्षित कब्जे में लिया।

बड़ी मात्रा में कारतूस और विस्फोटक बरामद पुलिस ने मौके से 315 बोर का एक देशी कट्टा, 315 बोर के 49 जिंदा राउंड, 303 रायफल के 25 जिंदा राउंड और 12 बोर के 34 जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा 8 किलोग्राम जिलेटिन, 6 वॉकी-टॉकी सेट मय चार्जर, एक मेन पेक सेट, 303 रायफल के पार्ट्स, विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक एवं कॉपर वायर, डेटोनेटर वायर, बैटरी, सेल, स्विच, सॉकेट और अन्य उपकरण व टूल्स भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बरामद हथियार एवं विस्फोटक सामग्री को धारा 106 बीएनएसएस के तहत जप्त कर लिया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# आदिवासी आयोग अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने किया संस्थाओं का औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 17 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने बीजापुर प्रवास के दौरान जिले में संचालित विभिन्न संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नक्सल पुनर्वास केंद्र और कन्या शिक्षा परिसर का जायजा लेते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं और गतिविधियों की जानकारी ली।

आयोग अध्यक्ष ने नक्सल पुनर्वास केंद्र पहुंचकर पुनर्वासित युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं के हाल-चाल, दैनिक गतिविधियों और पुनर्वास प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इस दौरान केंद्र में संचालित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण गतिविधियों का भी अवलोकन कियामंडावी ने युवाओं को प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से



भाग लेने और कौशल हासिल कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने और रचनात्मक कार्यों में योगदान देने की अपील की।

छात्राओं से जानी सुविधाएं-कन्या शिक्षा परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर पढ़ाई, भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं को नियमित पढ़ाई और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। मंडावी ने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इन अवसरों का लाभ उठाने की बात कही।खिलाड़ियों से भी की मुलाकातसर्किट हाउस में आयोग अध्यक्ष ने जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। उन्होंने खिलाड़ियों की खेल गतिविधियों, उपलब्धियों और शासकीय सुविधाओं की जानकारी ली। खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के साथ खेल कौशल को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान आयोग के सचिव पवन कुमार नेताम, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास देवेंद्र सिंह पटले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री केदार कश्यप का जगदलपुर आगमन

**जगदलपुर, 17 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री श्री केदार कश्यप सेवा संकल्प अभियान में शामिल होने के लिए जगदलपुर पहुंचे। इस दौरान जगदलपुर स्थित मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री और वन मंत्री का जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अमले और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर निगम के महापौर संजय डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक श्री बीएन मीणा, मुख्य वन संरक्षक सुश्री स्टाइलो मंडावी, मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी उत्तम कुमार गुप्ता, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा तथा सहित अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधी मौजूद रहे।

# 80 वर्षों से गीदम में सर्वसमाज को एकता के सूत्र में पिरोता सार्वजनिक गणेशोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 17 सितम्बर।** गीदम नगर की गौरवशाली और ऐतिहासिक परंपरा को सहेजते हुए सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति, गीदम द्वारा इस वर्ष भी 80 साल पुराने गणेशोत्सव को अभूतपूर्व उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा प्रारंभ किए गए सामाजिक एकजुटता और समरसता के मूल उद्देश्य को साकार करते हुए समिति पूरे तन, मन और धन से पूरे नगर को एक ही सूत्र में पिरोने का पावन कार्य कर रही है।विधायक चैतराम अटामी व गुमड़ा स्वामी जी की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ गणेशोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित स्थापना कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उनके साथ ही गुमड़ा के पूज्य स्वामी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने



पूरे माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रथम दिन ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजनों को विशेष रूप से आमंत्रित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया और विघ्नहर्ता से समस्त नगरवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। सर्वधर्म समभाव और भाईचारे की मिसाल

गीदम का यह गणेशोत्सव आपसी भाईचारे का ऐसा सुंदर उदाहरण है जहाँ धर्म की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। पिछले 15 से अधिक वर्षों से साजिद भारती ( खान ) मुस्लिम समाज से होने के बावजूद सांस्कृतिक प्रमुख के रूप में पूरी निष्ठा से इस मंच का संचालन कर रहे हैं। उनके साथ ही शेख नसीम (नस्सू) सहित सभी धर्मों व वर्गों के लोग कंधे से कंधा मिलाकर आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं।

11 दिनों तक चलेगा सर्वसमाज का समागम-समिति द्वारा गणेशोत्सव के दौरान नगर के प्रत्येक समाज को गणेश मंडप में आमंत्रित कर सम्मानित करने की परंपरा निभाई जा रही है। इसी क्रम में दिगंबर जैन समाज को आमंत्रित कर महाआरती संपन्न कराई गई। आने वाले दिनों में क्षत्रिय समाज, साहू समाज, बंगाली समाज, आदिवासी समाज सहित नगर के सभी प्रमुख समाजों और संस्थाओं को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा।सायं 7 बजे से गूंजेंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-गणेश पूजन के साथ-साथ सार्वजनिक कला मंच (पुराना बाजार पारा, गणेश मंडप के पीछे) पर प्रतिदिन सायं 7:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम सारणी 19/09/2026 (शनिवार)-स्वर धारा मानस परिवार, पेंटा (भजन मंडली - खुला मंच, डांस एवं गायन) 20/09/2026 (रविवार)- आस्था गुरुकुल, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, माधवपारा स्कूल एवं पोटा केबिन कारली 21/09/2026 (सोमवार)- संगीत महाविद्यालय, जावंगा (गीदम) 22/09/2026 (मंगलवार)ञ्च दंतेश्वरी म्यूजिकल ग्रुप, गीदम 23/09/2026 (बुधवार)- सांस्कृतिक क्लब, गीदम (एवं भव्य पुरस्कार वितरण)सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति ने समस्त गीदम नगरवासियों, व्यापारी बंधुओं और आसपास के ग्रामीण अंचल के धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस धार्मिक-सांस्कृतिक महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की है।

## एक नजर

### सेवा संकल्प अभियान में शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करें: कलेक्टर



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों और क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में सौंपी गई जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा मैदानी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को गतिविधियों से जोड़ने पर जोर दिया।अभियान के तहत आशीर्वाद का दिया, मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा, नमो सेवा, अनकही कहानियां, आंगन-मिलन सेवा, सेवा की कहानी, सेवा संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा मेरा योगदान, जल-जन सेवा संकल्प, सेवा हेतु अभियान, सेवा के रंग राष्ट्र के संग, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज, सुशासन सेवा संवाद पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। कलेक्टर ने सभी विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और गतिविधियों की नियमित रिपोर्टिंग के निर्देश दिए।कार्यक्रमों के फोटो, वीडियो एवं सफलता की कहानियों का व्यवस्थित संकलन कर सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उत्कृष्ट एवं प्रभावी गतिविधियों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अभिजीत बबन पठारे एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिल्पा भगत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर महिला आयोग अध्यक्ष डॉ.ममता साहू ने ली समीक्षा बैठक



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने रायगढ़ प्रवास के दौरान आज महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर एवं जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने केन्द्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों, उनमें की गई कार्रवाई तथा पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता की जानकारी ली।समीक्षा बैठक में डॉ. ममता साहू ने सखी वन स्टॉप सेंटर में दर्ज प्रकरणों की स्थिति की विस्तार से जानकारी लेते हुए प्रकरणों के त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों तथा संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि जरूरतमंद महिलाएं अपने अधिकारों और उपलब्ध सहायता तंत्र के प्रति जागरूक हो सकें।उन्होंने जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के माध्यम से महिलाओं को शासन की योजनाओं, अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने तथा विभागीय गतिविधियों में समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में महिला एवं बाल विकास की सभापति श्रीमती सुषमा खलखो, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरूण कुमार पाण्डेय, महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती चैताली राय सहित सखी वन स्टॉप सेंटर एवं जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बच्चों और किशोरों के लिए जिला चिकित्सालय में साप्ताहिक टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक शुरू



**रायगढ़, 17 सितम्बर।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशों एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय रायगढ़ में बच्चों एवं किशोरों में होने वाले टाइप-1 डायबिटीज के बेहतर प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से साप्ताहिक टाइप-1 डायबिटीज क्लीनिक का शुभारंभ किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि क्लीनिक के माध्यम से टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित बच्चों को नियमित चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य जांच, काउंसलिंग तथा निःशुल्क इंसुलिन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही बच्चों और उनके अभिभावकों को बीमारी के प्रभावी प्रबंधन, इंसुलिन के नियमित उपयोग, खान-पान तथा समय-समय पर फॉलो-अप के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा।विलियम जे. क्लिंटन फाउंडेशन के तकनीकी सहयोग से संचालित यह क्लीनिक प्रत्येक बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिला चिकित्सालय रायगढ़ में संचालित होगा।

क्लीनिक शुरू होने से जिले के टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित बच्चों को नियमित उपचार और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के लिए निरंतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।इस अवसर पर डीएचओ डॉ. बी.पी. पटेल, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल, जिला नोडल अधिकारी डॉ. जावेद, डॉ. पी.के. गुप्ता, डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. प्रकाश चेतवानी, डॉ. अभिषेक अग्रवाल, डॉ. स्नीगधा दास, काउंसलर उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने लोक निर्माण एवं राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली

# विकास कार्यों में तेजी, लंबित कार्यों पर सख्ती और राजस्व वसूली बढ़ाने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 17 सितंबर।** नगर के विकास कार्यों को समयबद्ध गति देने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा नगर पालिका की राजस्व व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद भाटापारा कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अध्यक्ष शर्मा ने विभागवार कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए स्वीकृत, प्रगतिरत, लंबित तथा पूर्ण हो चुके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की वास्तविक प्रगति, सामने आ रही समस्याओं और उनके निराकरण के लिए की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली।

**बैठक में इन प्रमुख बिंदुओं पर हुई ठोस चर्चा**-लंबित निर्माण कार्यों की सूची तैयार कर समयसीमा में पूर्ण कराने पर जोर नगर में चल रहे ऐसे विकास कार्य जो निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं हुए हैं, उनकी अलग से समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। अनावश्यक विलंब के कारणों की पहचान कर तत्काल समाधान करने पर जोर दिया गया।

**सड़क, नाली एवं अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित निगरानी**-लोक निर्माण से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल निर्माण पूरा करना नहीं, बल्कि लंबे समय तक उपयोगी और टिकाऊ सुविधा उपलब्ध कराना है।

**बारिश एवं जल निकासी से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता**-जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर नाली एवं जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने 4. नई विकास आवश्यकताओं का स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश जहां सड़क, नाली, पुलिया अथवा अन्य मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर प्रस्ताव तैयार करने पर जोर दिया गया। 5. राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षाराजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान नगर पालिका की आय बढ़ाने तथा लंबित राजस्व की वसूली को प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई।

**राजस्व के स्रोतों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान**-नगर पालिका के विभिन्न राजस्व स्रोतों की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि नगरपालिका की आय से जुड़े प्रकरण व्यवस्थित रूप से दर्ज हों और जहां नियमानुसार राजस्व प्राप्त किया जाना है,

**नागरिकों से जुड़े राजस्व प्रकरणों का समय पर निराकरण**-राजस्व संबंधी शिकायतों एवं आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने तथा नागरिकों को नियमानुसार समय पर जानकारी एवं समाधान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

**विभागीय समन्वय और नियमित मॉनिटरिंग**-अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों की गति के लिए लोक निर्माण, राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा कर कार्यों की प्रगति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए।

**अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा**-भाटापारा में विकास कार्य केवल फाइलों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई देने चाहिए। हमारी प्राथमिकता है कि जो कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, वे समयसीमा में पूर्ण हों और जिन कार्यों में किसी कारण से विलंब हो रहा है, उनकी बाधाओं को दूर कर गति दी जाए। सड़क, नाली, जल निकासी और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में नागरिकों को सीधे राहत मिलनी चाहिए।

विकास के साथ मजबूत राजस्व व्यवस्था भी जरूरी है। नगर पालिका की आर्थिक क्षमता मजबूत होगी तो हम नागरिक सुविधाओं और विकास कार्यों को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकेंगे। इसलिए राजस्व वसूली को प्रभावी बनाने, लंबित प्रकरणों का नियमानुसार निराकरण करने और विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा लिए गए निर्णयों का लाभ समय पर भाटापारा के नागरिकों तक पहुंचे। बैठक के अंत में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने संबंधित विभागों को कार्यवार प्रगति की नियमित समीक्षा, लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण तथा राजस्व व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति गोविंद पटेल मांनीष मिश्रा संतीश तलरेजा देवेंद्र साहू दशरथ साहू पार्षद बब्बू मंधान नंदू वैष्णव राजेश साहू एल्डरमैन मधु सोनी राजा कामनानी डॉ संतोष वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव इंजीनियर विनोद यादव, पूर्णेन्दु त्रिवेदी,देवा बंजारे मौजूद रहे।

# यात्रियों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग बसों की जांच करने के साथ कार्रवाई भी कर रहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा जिले में संचालित यात्री बसों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अधिकारियों द्वारा बसों के दस्तावेज, परमिट की शर्तों और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। कमियां मिलने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की जा रही है।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान बसों में निर्धारित क्षमता के अनुसार यात्रियों के बैठने, किराया सूची की उपलब्धता, अग्निशामक यंत्र, चालक एवं परिचालक के वैध लाइसेंस तथा परमिट की शर्तों सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं को देखा जा रहा है। इसके साथ ही बस की छत पर माल ले जाने जैसे मामलों पर भी कार्रवाई की जा रही है। अब तक 42 बस संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 55 हजार 700 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है। इनमें यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने, किराया सूची नहीं रखने, अग्निशामक यंत्र उपलब्ध नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने, कंडक्टर एवं ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित कमियों तथा बस के ऊपर माल परिवहन करने के मामले शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बस संचालकों को यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रावधानों का पालन करने तथा वैध दस्तावेजों के साथ ही वाहनों का संचालन करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। विभाग द्वारा यात्री बसों का निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ. दीपिका सरकार के भरतनाट्यम में दिखी शास्त्रीय परंपरा और भाव-भंगिमाओं की सुंदरता

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** 41वें चक्रधर समारोह-2026 की सांस्कृतिक संध्या में रायगढ़ की भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. दीपिका सरकार ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से शास्त्रीय नृत्य की सुंदरता को सामने रखा। दीपिका नृत्यालय की संस्थापक डॉ. दीपिका सरकार ने भरतनाट्यम की शास्त्रीय परंपरा के साथ भाव-भंगिमा, लय और ताल का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की शुरुआत 'गणेश कौतुवम' से हुई। इसमें भगवान श्रीगणेश की वंदना को भरतनाट्यम की मुद्राओं और भावों के साथ प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 'देवी स्तुति' में आदिशक्ति के विभिन्न स्वरूपों और उनकी शक्ति को नृत्य के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। अंतिम प्रस्तुति 'स्वागतम् कृष्ण' की रही। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप और उनकी लीलाओं को नृत्य एवं भावाभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। डॉ. दीपिका सरकार की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने तालियों के साथ सराहा। कला साधना के लिए मिले अनेक सम्मान डॉ. दीपिका सरकार ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से वर्ष 2017 में भरतनाट्यम में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है।

# डॉ. पायल साहू के सुमधुर छत्तीसगढ़ी लोकगीतों से चक्रधर समारोह के तीसरे दिन का हुआ यादगार समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 41वें चक्रधर समारोह-2026 की तीसरी शाम छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों से यादगार बनी। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. पायल साहू ने 'चिन्हारी लोक मंजीरा' के कलाकारों के साथ पारंपरिक लोकगीत प्रस्तुत किए। उनकी मधुर आवाज और लोकधुनों ने समारोह स्थल पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत छटा बिखेर दी।

डॉ. पायल साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी के वंदन 'अरपा पैरी के धार' से गायन की शुरुआत की। इसके बाद गणपति जगवंदन की प्रस्तुति दी। उन्होंने बिहाव गीतों के साथ 'बही बना दिए', 'मात गे हे बगिया म फूल', तोन मन कैसे लागे राजा और कर्मा गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं से जोड़ा। लोकगीतों की पारंपरिक धुन, छत्तीसगढ़ी भाषा और लोक वाद्ययंत्रों की संगत ने माहौल को और आकर्षक बना दिया। डॉ. पायल साहू के साथ कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। 'चिन्हारी लोक मंजीरा' के कलाकारों ने दाऊ महासिंह चंद्राकर और दाऊ प्रेम चंद्राकर की लोक संगीत परंपरा को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक विरासत को मंच पर प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के साथ चक्रधर समारोह के तीसरे दिन की सांस्कृतिक संध्या का समापन लोक संस्कृति की मधुर छटा के साथ हुआ।

### दिल्ली की मऊमाला नायक ने कथक की भाव-भंगिमाओं से चक्रधर समारोह में बांधा समां

**रायगढ़, 17 सितम्बर।** 41 वें चक्रधर समारोह की तीसरी सांस्कृतिक संध्या सुर, ताल और लय के मनोहारी संगम से सजी। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे कलाकारों ने नृत्य और संगीत की विविध विधाओं की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इसी क्रम में दिल्ली की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना मऊमाला नायक ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों और मनमोहक भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मऊमाला नायक ने अपने दल की साथी नृत्यांगनाओं नीतू कुमारी, निशा रॉय, अर्चना शर्मा एवं विदुषी सिंह के साथ विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की वंदना से प्रस्तुति का शुभारंभ किया। इसके बाद भाव-अभिनय के माध्यम से तुलसीदास एवं रत्नावली की भावपूर्ण कथा को कथक की अभिव्यक्ति में प्रस्तुत किया गया।

# अनेकता में एकता लोक नृत्य प्रतियोगिता में सुरता ग्रुप रहा प्रथम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर,17 सितंबर।** जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा जेसी वीक के सातवें एवं समापन दिवस के अवसर पर अनेकता में एकता - लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को विमतारा हॉल, शांति नगर, रायपुर में किया गया। विभिन्न राज्यों एवं संस्कृतियों की लोक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में अनेकता में एकता का सुंदर संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ज्योति शर्मा जी तथा मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी टुटेजा जी उपस्थित रहीं। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न संस्कृतियों एवं राज्यों की पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का निर्णय धारिणी सोनी जी एवं मानसी पटेल जी द्वारा किया गया।प्रतियोगिता में सात पुरस्कार प्रदान किए गए, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ समन्वय, सर्वश्रेष्ठ परिधान, दिल तो बच्चा है तथा आर्टिस्टिक ग्रुप के पुरस्कार शामिल रहे।

प्रथम स्थान- सुरता ग्रुप द्वितीय स्थान- महिषासुर ग्रुप तृतीय स्थान- पेलोटी कॉलेज सर्वश्रेष्ठ समन्वय- क्लासिकल स्टेज ग्रुप सर्वश्रेष्ठ परिधान- आरएम डांस जोन दिल तो बच्चा है- शक्ति विप्र ग्रुप आर्टिस्टिक ग्रुप एनर्जेटिक ग्रुपजेसीआई वीक के सात दिनों में जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक प्रोजेक्ट्स का आयोजन किया गया। पहले दिन प्रकृति सिप प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्टील की पानी की बोतलों का वितरण किया गया। दूसरे दिन आवाजें युवा, तीसरे दिन मानवीय कर्तव्य एवं डिजिटल आउटरीच, चौथे दिन जेकोम के साथ मिलकर व्यवसाय मंच पांचवें दिन भविष्य को आकार दें - नई पीढ़ी के सदस्य परिचय तथा छठवें दिन फूलों का आँगन प्रोजेक्ट का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद स्थित चितवन वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उनके साथ खुशियाँ साझा की गईं। इन सभी प्रोजेक्ट्स के बाद आज सातवें दिन अनेकता में एकता के साथ जेसी वीक का समापन किया गया।कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर आरती पराटे एवं सुरभि गुरु रहीं, जबकि प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रूपा सिंह रहीं। कार्यक्रम में प्रेसिडेंट धृति शर्मा, फाउंडर प्रेसिडेंट लीना वाधेर, चैप्टर कन्वेनर रुपाली दुबे, चैप्टर इंचार्ज आँचल पंजवानी, वामा की सेक्रेटरी सहित पास्ट प्रेसिडेंट्स एवं जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम की जानकारी जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल की पीआरओ दीया मूलचंदानी ने दी।अगर दिल तो बच्चा है और आर्टिस्टिक ग्रुप अवॉर्ड के नामों को थोड़ा और आकर्षक/प्रेस-रिलीज़ जैसा बनाना हो, तो उसे भी उसी हिसाब से कर सकती हूँ।

## समाचार संक्षेप

### एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त गांजा 1अक्टूबर को किया जाएगा नष्ट

**रायगढ़, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एनडीपीएस अधिनियम के तहत विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए गांजे के नष्टीकरण की कार्रवाई 1 अक्टूबर 2026 को की जाएगी। इसके लिए जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर नष्टीकरण योग्य प्रकरणों का चयन किया गया है।छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के माध्यम से पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायगढ़ के अंतर्गत थानों में जब्त मादक पदार्थों के नष्टीकरण के लिए जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति का गठन किया गया है। समिति के समक्ष संबंधित थानों द्वारा नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची एवं मूल दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। जांच के बाद नष्टीकरण योग्य पाए गए गांजे को नियमानुसार नष्ट करने का निर्णय लिया गया है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड, जामगांव स्थित फर्नेस में जब्त गांजे को विधिवत जलाकर नष्ट किया जाएगा। नष्टीकरण की पूरी कार्रवाई समिति के सदस्यों एवं पंचान की उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया के तहत संपन्न होगी।

### चक्रधर समारोह की तीसरी शाम की छत्तीसगढ़ी गीतों से हुई संगीतमय शुरुआत

**रायगढ़, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 41वें चक्रधर समारोह-2026 की तीसरी शाम की शुरुआत नीलेश जोगी म्यूजिकल ग्रुप की संगीतमय प्रस्तुति से हुई। कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साथ लोकप्रिय बॉलीवुड गीत भी प्रस्तुत किए।नीलेश जोगी और उनके साथी कलाकारों ने अपनी गायकी और वाद्य यंत्रों से छत्तीसगढ़ी लोकधुनों की मिठास बिखेरी। लोकगीतों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। इसके बाद बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। रामलीला मैदान में मौजूद दर्शक कलाकारों के गीतों पर तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए।

### चक्रधर समारोह कथक के पारंपरिक रंगों में सजी जयात्रा दवे की प्रस्तुति

**रायगढ़, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 41 वें



अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह-2026 की सांस्कृतिक संध्या में इंदौर की युवा कथक नृत्यांगना जयात्रा दवे ने कथक की शानदार प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति में कथक की पारंपरिक शैली के साथ लय, ताल, भाव-भंगिमा और पद-संचालन का सुंदर मेल देखने को मिला। प्रस्तुति के बाद दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। जयात्रा दवे ने महज ढाई वर्ष की उम्र से नृत्य-साधना शुरू की थी। वे गुरु डॉ. रागिनी मक्कड़ के मार्गदर्शन में नादयोग गुरुकुल में कथक का प्रशिक्षण ले रही हैं। कम उम्र में ही उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मंचों पर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की है। जयात्रा दवे स्वीडन के माल्मो में आयोजित इंटरनेशनल म्यूजिक कॉन्फ्रेंस तथा 12वें चाइना इंटरनेशनल फोक आर्ट्स फेस्टिवल में प्रस्तुति दे चुकी हैं। वे दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स जैसे प्रतिष्ठित मंच से भी जुड़ी रही हैं। उनकी कला-साधना के लिए उन्हें विभिन्न पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए हैं। चक्रधर समारोह के मंच पर जयात्रा दवे की प्रस्तुति ने कथक की पारंपरिक नृत्य शैली को दर्शकों के सामने सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

### रायगढ़ की बेटी विभूति शर्मा ने कथक की भावपूर्ण प्रस्तुति से मोहा दर्शकों का मन

**रायगढ़, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 41वें चक्रधर समारोह-2026 की तीसरी शाम



कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति ने सांस्कृतिक संध्या को विशेष बना दिया। रायगढ़ की बेटी कथक नृत्यांगना विभूति शर्मा ने अपनी भावपूर्ण एवं लयबद्ध प्रस्तुति से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।विभूति शर्मा रायगढ़, छत्तीसगढ़ की निवासी एवं राष्ट्रीय स्तर की कथक नृत्यांगना हैं। वर्तमान में वे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से कथक विषय में बी.ए. की शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। नृत्य के प्रति उनका लगाव बचपन से ही रहा है। उन्होंने चक्रधर संगीत महाविद्यालय, रायगढ़ से कथक में छह वर्षीय डिप्लोमा पूर्ण किया है। उनके लिए कथक केवल नृत्य शैली नहीं, बल्कि साधना, संस्कृति और अपनी पहचान से जुड़ा माध्यम है।

**राष्ट्रीय स्तर पर हासिल कर चुकी हैं उपलब्धियां**-विभूति शर्मा ने वर्ष 2020 में आयोजित ऑल इंडिया सोशल डिस्टेंसिंग ऑनलाइन नेशनल डांस प्रतियोगिता में सेमी-क्लासिकल जूनियर वर्ग में हिस्सा लेकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वर्ष 2021 में आयोजित 12वें कटक महोत्सव में कथक समूह के जूनियर वर्ग में भाग लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। वर्ष 2022 में आयोजित श्रीकृष्ण कला सांस्कृतिक महोत्सव में कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में नृत्य के लिए सम्मान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में आयोजित खजुराहो नृत्य महोत्सव के अंतर्गत आयोजित गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कार्यक्रम में सहभागी बनने का गौरव भी उन्हें प्राप्त हुआ।चक्रधर समारोह-2026 के मंच पर आज उनकी कथक प्रस्तुति ने रायगढ़ की युवा प्रतिभाओं और शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा को प्रभावी ढंग से सामने रखा। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी प्रस्तुति का उत्साहवर्धन किया।

### महाराजा चक्रधर सिंह की 'चंद्रबदनी' पर डॉ. यास्मीन सिंह की शानदार कथक प्रस्तुति



**रायगढ़, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चक्रधर समारोह-2026 की सांस्कृतिक संध्या में डॉ. यास्मीन सिंह ने कथक की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की वंदना, 'गोविंदा गोपाला', 'झूला गीत', 'द्रौपदी' और महाराजा चक्रधर सिंह की प्रसिद्ध रचना 'चंद्रबदनी' को कथक के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति की शुरुआत 'दिव्य कृष्ण' से हुई। भगवान श्रीकृष्ण की वंदना में भक्ति और आध्यात्मिक भावों को कथक की भाव-भंगिमाओं के साथ प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 'गोविंदा गोपाला' में श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा, प्रेम और समर्पण के भाव दिखाई दिए।'झूला गीत' में राधा-कृष्ण की प्रेमलीला और प्रकृति की सुंदरता को नृत्य के माध्यम से साकार किया गया। वहीं 'द्रौपदी' में महाभारत के उस प्रसंग को प्रस्तुत किया गया, जिसमें द्रौपदी और भगवान श्रीकृष्ण के सखा-सखी के रिश्ते, विश्वास और निष्ठा को भावपूर्ण ढंग से दर्शाया गया। प्रस्तुति का विशेष आकर्षण महाराजा चक्रधर सिंह की प्रसिद्ध रचना 'चंद्रबदनी' रही। 'चंद्रबदनी, मृगलोचनी, दामिनी, दुति गोरी, अलबेली नवल नार, करति चित की चोरी...' जैसे भावपूर्ण शब्दों को कथक की नृत्य-भंगिमाओं के साथ प्रस्तुत करते हुए डॉ. यास्मीन सिंह ने महाराजा चक्रधर सिंह की रचना और रायगढ़ घराने की समृद्ध कथक परंपरा को मंच पर जीवंत किया।

# सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ, आज घर घर जलेंगे आशीर्वाद के दीये

- चौपाटी मे होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन, सवा लाख दीयों से जगमग होगी चौपाटी
- कलेक्टर -एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा, चाक-चौबंद व्यवस्था के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षो के निर्बाध जनसेवा और समर्पण काल के पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक जिले मे सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। 'सेवा संकल्प अभियान' का भव्य शुभारंभ 17 सितम्बर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगी।बलौदाबाजार स्थित चौपाटी पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहाँ संध्या 7: बजे से सामूहिक दीप प्र वलन होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बुधवार को चौपाटी मे आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया।उन्होंने उपस्थित अधिकारियो को दीप प्र वलन हेतु समय पर सभी आवश्यक तैयारी, पार्किंग, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस आदि की तैनाती सीनिश्चि करने के निर्देश दिए।

चौपाटी मे आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम मे दीप प्रज्जवलन हेतु जलाशय के फुटपाथ मे 20 सेक्टर बनाए गए है जिसे अलग -अलग विभागों को दीप प्रज्जवलित करने हेतु आवंटित किया गया है। चौपाटी मे अपरान्ह 4 बजे से आर्केस्ट्रा टीम द्वारा संगीतमय भजन की प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि के आगमन पश्चात संध्या 7 बजे एक साथ सवा लाख दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे एवं विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा।एक साथ लगभग सवा लाख दीपो की रोशनी से चौपाटी का खूबसूरत नजारा देखने को मिलेगा।यह आयोजन न केवल बीते 25 वर्षों की जनसेवा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का माध्यम है, बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आम जनता को एकजुट करने का एक सशक्त प्रयास भी है।

जनभागीदारी से सेवा का संकल्प-सेवा मेरा योगदान पहल के माध्यम से नागरिकों और विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता से सेवा कार्यो को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस पहल के जरिए प्रत्येक नागरिक को अपने स्तर पर समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने का अवसर मिलेगा। 25 सितंबर से 07 अक्टूबर तक आंगन मिलन सेवा के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामुदायिक सहभागिता, मातृ एवं बाल स्वास्थ्य तथा पोषण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके माध्यम से समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए महिला एवं बाल विकास से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।29 सितंबर को सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम के माध्यम से आभार और संकल्प के रंगों के साथ नागरिकों को अभियान से जोड़ा जाएगा। चयनित नगरों के साथ घर-घर तक इस पहल को पहुंचाया जाएगा।

### जिले में लगभग 11 लाख दीप प्रज्वलन का लक्ष्य-

प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण जिले में लगभग 11 लाख दीये प्र वलित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।इसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी अपने-अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर इस महाभियान का हिस्सा बनेंगे। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों, शासकीय भवनों, कार्यालयों मे भी सामूहिक रूप से दीये जलाये जायेंगे। सेवा और समर्पण की प्रेरक कहानियां पहुंचेंगी जन-जन तक- सेवा संकल्प अभियान के दौरान नमो सेवा-अनकही कहानियां पहल के अंतर्गत स्कूल एवं कॉलेजों मे नुक्कड़ नाटक प्रस्तुतियों के माध्यम से सेवा और समर्पण की प्रेरक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी चित्र एवं आलेख प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को विकसित भारत के सपने, रचनात्मक अभिव्यक्ति और राष्ट्र निर्माण की भावना से जोड़ा जाएगा।

**समाचार संक्षेप**

## उत्तम मार्दव धर्म दश धर्मों में से एक है



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 17 सितम्बर।** जैन धर्म में उत्तम मार्दव धर्म दशधर्मों में से एक है। मार्दव का अर्थ है कोमलता, विनम्रता और अहंकार का त्याग। उत्तम मार्दव धर्म का अर्थ मनुष्य को जाति, कुल, धन, रूप, ज्ञान, पद या प्रतिष्ठा का अहंकार नहीं करना चाहिए। सभी जीवों को समान दृष्टि से देखना और दूसरों के प्रति नम्र व्यवहार करना ही उत्तम मार्दव धर्म है।

**सरल शब्दों में:** अहंकार छोड़कर विनम्र बनना ही उत्तम मार्दव धर्म है। इसके मुख्य भाव अपने धन का घमंड न करना। अपनी जाति या ऊँचे कुल का अभिमान न करना। अपने ज्ञान और विद्या पर अहंकार न करना। अपने रूप, शक्ति या पद का घमंड न करना। दूसरों को छोटा न समझना। सभी जीवों के प्रति विनम्र और समान भाव रखना।

जैन दर्शन में महत्व: अहंकार आत्मा में कषाय को बढ़ाता है और आत्मिक प्रगति में बाधा बनता है। मार्दव धर्म से अहंकार कम होता है, विनय बढ़ता है और व्यक्ति आत्मशुद्धि की ओर आगे बढ़ता है।आज 1008 आदिनाथ भगवान के अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य सुलभ जैन परिवार, डॉक्टर प्रदीप जैन, अभिषेक जैन, मीनू जैन, सोनू जैन आलोक जैन आकाश जैन, अमित जैन, राजेश जैन सचिन जैन मनीष जैन वैभव जैन गुड्डू देवेंद्र जैन, शांति लाल जैन, विजय जैन को प्राप्त हुआ।

दशलक्षण धर्म में क्रमः उत्तम क्षमा उत्तम मार्दव उत्तम आर्जव उत्तम शौच उत्तम सत्य उत्तम संयम उत्तम तप उत्तम त्याग उत्तम आकिंचन्य उत्तम ब्रह्मचर्य।

**एक नजर**

### गणेश पर्व में हुड़दंग व शांति भंग करने वाले 3 असामाजिक तत्व गिरफ्तार

**तिल्दा-नेवरा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गणेश पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चंचल तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पवन कुमार ध्रुव, हीरालाल नवरंगे, उमेश कुमार वर्मा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत 03 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय, तिल्दा-नेवरा के समक्ष पेश किया गया, जहां अनुविभागीय दंडाधिकारी द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर तीनों को जेल भेज गया। तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने कहा है की पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए असामाजिक तत्वों, अड्डेबाजों एवं चाकूबाजों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार लेकर घूमने, भय उत्पन्न करने अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक एवं निरोधात्मक कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 9वीं व 11वीं प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सत्र 2027-28 के जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। ऑनलाईन आवेदन अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2026 हैं। परीक्षा तिथि 10 अप्रैल-2027 (शनिवार) प्रवेश आवेदन संबंधी आवश्यक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन नवोदय विद्यालय की वेबसाईट कक्षा-9वीं प्रवेश हेतु https://cbseitms.nic.in/2026/nvsi&_~/ एवं कक्षा-11 वीं प्रवेश के लिए https://cbseitms.nic.in/2026/nvs&i 11 पर उपलब्ध हैं।

### राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हॉउस का किया गया निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बुधवार को राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईव्हीएम कक्ष की साफ सफाई एवं एंटीटर्माईट उपचार हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों ने उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के उपरांत वेयर हॉउस के 5 कक्षों में रखे गए ईव्हीएम का बारी -बारी से निरीक्षण किया। इस दौरान साफ-सफाई एवं सीपेज़ की समस्या दूर करने के निर्देश अधिकारियो को दिये गए। इसके पश्चात् सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम में सीसीटीवी कैमरो के फीड एवं टाइमिंग का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से लखेश साहू, भारतीय जनता पार्टी से नरेश केसरवानी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ पार्टी से सुशील बंजारे मौजूद थे।

# गणेशोत्सव में पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में

## नगरों, ग्रामों व प्रमुख गणेश पंडालों में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की लगातार उपस्थिति



- भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, बाज़ारों एवं संवेदनशील इलाकों में पुलिस टीम द्वारा की जा रही पैदल पेट्रोलिंग
- असामाजिक तत्वों व संदिग्धों की सघन चेकिंग जारी, असामाजिक गतिविधियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 17 सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में जिले में गणेश उत्सव पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस पूरी तरह अलट मोड में कार्य कर रही है। जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु व नागरिक बिना किसी भय के गणेशोत्सव का आनंद ले सकें।

**पैदल गश्त, पेट्रोलिंग एवं सघन चेकिंग अभियान:** त्यौहार के दौरान शहर एवं ग्रामीण इलाकों में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीमों को मैदान में उतारा गया है:

**गणेश पंडालों व संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल:** जिले के प्रमुख नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित गणेश पूजा पंडालों के आसपास पुलिस अधिकारियों व जवानों की लगातार उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।

**पैदल पेट्रोलिंग व फ्लैग मार्च:** प्रमुख बाजारों, भीड़-भाड़ वाले व्यावसायिक क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों पर पुलिस टीमों द्वारा लगातार पैदल पेट्रोलिंग (गश्त) की जा रही है, जिससे आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो सके।

**24 घंटे पेट्रोलिंग व संदिग्धों की जांच:** डायल 112 एवं स्थानीय पुलिस की मोबाइल पेट्रॉलिंग गाड़ियां दिन-रात क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं। संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों एवं दोपहिया वाहनों की आकस्मिक चेकिंग की जा रही है।

**सिटी सर्विलांस व पैनी नजर:** भीड़-भाड़ वाले इलाकों और पंडालों के आसपास सीसीटीवी कैमरों एवं पुलिस खुफिया तंत्र के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि पर बारीक नजर रखी जा रही है।

## चाकू लहराकर राहगीरों में भय पैदा करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा- नेवरा, 17 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गणेश पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला रायपुर श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चंचल तिवारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना तिल्दा नेवरा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अड्डेबाजी, चाकूबाजी एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों की सतत निगरानी एवं सघन जांच की जा रही है। अभियान के दौरान थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्र के ग्राम तुलसी साईंधाम रोड एवं सिंचाई कॉलोनी तुलसी में सार्वजनिक स्थान पर धारदार चाकू लेकर राहगीरों को डराने-धमकाने एवं भय का वातावरण निर्मित करने वाले 02 आरोपियों साहिल ध्रुव उर्फ लक्की, और गणेश ध्रुव, ग्राम केवतरा को धारा ड्क 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से 02 नग धारदार चाकू एवं 01 नग मोटरसाइकिल स्प्लेंडर जप्त किया गया तिल्दा नेवरा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी ने कहा है की पुलिस द्वारा गणेश पर्व के दौरान सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए असामाजिक तत्वों, अड्डेबाजों एवं चाकूबाजों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार लेकर घूमने, भय उत्पन्न करने अथवा कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक एवं निरोधात्मक कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## सेवा संकल्प अभियान में मंत्री टंकराम वर्मा ने गीत गाकर दीप जलाने लोगों को किया प्रेरित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 17 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितंबर को विशेष 'आशीर्वाद दीप' जलाने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा में गीत गाकर लोगों को इस अभियान से जुड़ने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर अपने घर में दीप प्रज्वलित करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री वर्मा द्वारा गाए गए गीत के बोल आशीर्वाद के दिया जलाबो, हमरो गरब गुमान है... लोगों को भावनात्मक रूप से अभियान से जोड़ने का संदेश देते हैं। गीत के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और देश के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का उल्लेख करते हुए लोगों से इस अवसर पर एक दीप जलाने का आह्वान किया गया है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को शाम 7 बजे घर-घर आशीर्वाद का दीप जलाने का आह्वान किया गया है। अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा को स्मरण करते हुए आगामी 25 वर्षों के भारत के विकास के संकल्प से लोगों को जोड़ना है। मंत्री वर्मा के गीत में सेवा संकल्प अभियान की भावना के अनुरूप देश के विकास से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों और योजनाओं का उल्लेख किया गया है। अभियान की सामग्री में स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, नया कश्मीर, नक्सल मुक्त भारत, विकसित छत्तीसगढ़ सहित आगामी 25 वर्षों के लिए मैन्युफैक्चरिंग पावर, कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन, गतिशक्ति, डिफेंस पावर, ग्रीन एवं ब्लू इकोनॉमी और भारत की सॉफ्ट पावर जैसे विषयों को प्रमुखता दी गई है। सेवा संकल्प अभियान केवल दीप प्रज्वलन तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी प्रस्तावित हैं। अभियान के तहत विद्यालय स्तर से लेकर विकासखंड, जिला और राज्य स्तर तक ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

# उपभोक्ता आयोग ने दिलाई मृतक के परिजन को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 17 सितम्बर।** बीमा कंपनी द्वारा दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पिता की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये आने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी की सेवा में कमी का दोषी मानते हुए दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 800000एवं मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 25000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रूपये परिवादी उपभोक्ता को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल तहसील अंतर्गत ग्राम दर्रा निवासी योगेश कुमार साहू के पिता स्व. लीला राम साहू ने विरोधी पक्षकार एस. बी. आई. जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पुणे से एक हेल्थ पालिसी लिया था। बीमा धारक की मृत्यु होने पर बीमा क्षतिपूर्ति राशि का दावा परिवादी द्वारा विरोधी पक्षकार, बीमा कंपनी के कार्यालय में बीमा दावा प्रस्तुत किया गया। बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त करने का मूल आधार मृतक बीमित व्यक्ति के वैध एवं प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस व आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं करना है। विरोधी पक्षकार का उक्त तर्क मान्य नहीं किया गया और केवल वैध ड्राइविंग लाइसेंस के अभाव को आधार बनाकर दावा अस्वीकार करना सेवा में कमी माना जा सकता है। दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पिता की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार एस. बी. आई. जनरल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, पुणे को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 800000 एवं उपभोक्ता को मानसिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 25000 तथा वाद-व्यय हेतु 7000 को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है।


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं नोमेश्वरी पिता यशवंत निवासी ग्राम खूबाटोला पोस्ट-लाल बहादुर नगर थाना-डोंगरगढ़ तहसील-ला.ब.नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम नुमेश्वरी साहू NUMESHWARI SAHU पिता यशवंत साहू YASHWANT SAHU अंकित हैं एवं मैं अपना नया नाम परिवर्तन कर नोमेश्वरी NOMESHWARI पिता यशवंत YASHWANT के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सूचना जाने ।

भवदीय
(नोमेश्वरी)

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202609090100010**
**विषय:- अ-21 (1)**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन:- 2025-2026**
**राजकट्टा (प.ह.न. 00029),**
**पक्षकारों का विवरण**
**आवेदक पक्षकार-राजेश बेक**
**अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन द्वारा राजस्व विभाग,**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक राजेश बेक वल्द मंगरा बेक, निवासी ग्राम व पोस्ट बड़ा कोरौंजा, जशपुर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग.) द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम राजकट्टा, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नंबर 71/2, 71/3, 71/4, 71/5, 71/6 एवं 71/7 कुल रकबा 1.620 हे. भूमि को निवास स्थान दूर होने, कृषि भूमि की देखरेख नहीं कर पाने के कारण गैर आदिवासी श्री दिगम्बर जैन सर्वोपयोगी धार्मिक न्यास लोखण्डवाला, सर्कल अंधेरी वेस्ट मुम्बई महाराष्ट्र के पक्ष में विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30/09/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/09/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. 202609095300009-ब/121-वर्ष 2025-26**

### ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक नरेश पिता ननकू जाति सतनामी निवासी ग्राम बाकलेडी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता गरीबीन बाई पति ननकू का दिनांक 28.10.2024 को ग्राम बाकलेडी में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता गरीबीन बाई पति ननकू का दिनांक 28.10.2024 को ग्राम पंचायत शिवपुरी में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 21.09.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र. 202609095300010-ब/121-वर्ष 2025-26**

### ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक गंगाराम पिता देवसिंग जाति तेली निवासी ग्राम शिवपुरी तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने भाई राजाराम पिता देवसिंग का दिनांक 30.05.2024 को ग्राम शिवपुरी में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने भाई राजाराम पिता देवसिंग का दिनांक 30.05.2024 का ग्राम पंचायत शिवपुरी में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 21.09.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202609092200015**
**विषय:- अ-74**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन्:- 2025-2026**
**बछेराभाठा (प.ह.न. 00026),**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- पंचबाई,**
**अनावेदक पक्षकार-**

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक पंचबाई पति उमराव जाति गोंड निवासी ग्राम बछेराभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदिका के निजी भूमि स्वामित्व व आधिपत्य में एकल खाते में ग्राम बछेराभाठा प.ह.न. 26 रा.नि. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) में स्थित काश्तकारी भूमि जिसका खसरा क्रमांक 30/3 का रकबा 0.757, खसरा नं. 42/2 का रकबा 0.365, खसरा नं. 125/2 का रकबा 0.187 हे. कुल खसरा योग 03 का कुल रकबा योग 1.309 हे. लगानी भूमि है। मेरी उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका (किसान किताब) भाग -1 एवं भाग 2 एक माह पूर्व घर की साफ सफाई के दौरान कहीं गुम हो गई है जिसे मेरे द्वारा कॉफी खोज-बीज पूछताछ किये जाने उपरान्त भी आज दिनांक 02/09/2026 नहीं तक मिला और न ही भविष्य में मिलने की कोई संभावना है। जिस कारण मुझे खाद, बीज, ऋण आदि लेने में कॉफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 28/09/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/09/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

### शपथ पत्र

मैं भगत यादव (BHAGAT YADAV) पिता श्री जग्गू यादव (JAGGU YADAV) ग्राम-तड़केल पोस्ट-फुलगटटा तहसील-भैरमगढ़ जिला-बीजापुर, छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं कि:-

मैं भगत यादव (BHAGAT YADAV) पिता श्री जग्गू यादव (JAGGU YADAV) ग्राम-तड़केल, पोस्ट फुलगटटा तहसील- भैरमगढ़ जिला-बीजापुर, छ.ग. का स्थायी निवासी हूं।

मेरा पुराना नाम व जन्म दिनांक - भगत ओयाम (BHAGAT OYAM) जन्म दिनांक 01/01/1977 (एक जनवरी सन उन्नीस सौ सतहतर है और मैं पुराना नाम व जन्म दिनांक बदलकर नया नाम भगत यादव (BHAGAT YADAV) जन्म दिनांक 08/05/1984 (आठ मई सन उन्नीस सौ चौरासी) करवाना चाहता हू।

मेरे पुराने नाम व जन्म दिनांक बदलने से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं नाम व जन्म दिनांक बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं इस शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**भगत यादव**

### शपथ पत्र

मैं सुधू वाचम (SUDHU VACHAM) पिता पाण्डु वाचम (PANDU VACHAM) उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम-पोनड़वाया, तहसील कुटरू, जिला बीजापुर, (छ.ग.), शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि-

मैं ग्राम पोनड़वाया, तहसील कुटरू, जिला बीजापुर, (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं।

मेरे पुराना नाम सुदरू वाचम (SUDRU WACHAM) है और मैं अपना नाम बदलकर सुधू वाचम (SUDHU VACHAM) करवाना चाहता हूं।

मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायलय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं हैं और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।

मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**स्थान :- बीजापुर**
**दिनांक:- 14/08/2026**

**शपथकर्ता**
**सुधू वाचम**

### शपथ पत्र

मैं प्रदीप कुमार मिच्चा (PRADEEP KUMAR MICHCHA) पिता नकुल प्रसाद मिच्चा (NAKUL PRASAD MICHCHA) ग्राम करकेली तहसील-कुटरू जिला बीजापुर एतद् द्वारा मै पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं।

इस विलेख द्वारा मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता मैं इस विलेख द्वारा मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्रदीप कुमार मिच्चा पिता नकुल प्रसाद मिच्चा ग्राम-करकेली तहसील-कुटरू जिला-बीजापुर एतद् द्वारा मैं पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ।

मैं ग्राम- करकेली तहसील कुटरू जिला बीजापुर का स्थायी निवासी हूँ।

मेरे आधार नं 461070770720 में नाम प्रदीप मिच्चा (PRADEEP MICHCHA) अंकित है । जो त्रुटि पूर्ण है। सही नाम प्रदीप कुमार मिच्चा (PRADEEP KUMAR MICHCHA) है।

मेरा पुराना नाम प्रदीप मिच्चा (PRADEEP MICHCHA) के स्थान पर नाम प्रदीप कुमार मिच्चा (PRADEEP KUMAR MICHCHA) से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण राशि शेष हैं ।

मैं प्रदीप मिच्चा (PRADEEP MICHCHA को बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

मैं अपने नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

**शपथकर्ता के हस्ताक्षर**
**प्रदीप कुमार मिच्चा**

राजधानी में गणेशोत्सव


श्री गणेश उत्सव समिति, संजय नगर


श्री रामजानकी शिव मंदिर समिति, अयोध्या नगर


श्री गणेश उत्सव समिति, संतोषी नगर


श्री श्रमजीवी गणेशोत्सव समिति, टिकरापारा

## एक नजर

### बैज की वाचालता मानसिक दिवालिएपन का प्रमाण : भाजपा

**रायपुर, 17 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना साहू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर तीखा प्रहार करते हुए इसे उनकी राजनीतिक हताशा और अनर्गल वाचालता करार दिया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भाजपा हमेशा जनसेवा, रक्तदान, स्वच्छता और जनकल्याणकारी कार्यों के जरिए 'सेवा पखवाड़ा' के रूप में मनाती है। लेकिन जिन दलों की संस्कृति केवल एक परिवार की परिक्रमा और भ्रष्टाचार पर टिकी हो, उन्हें जनसेवा का यह भाव कभी समझ नहीं आ सकता। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष साहू ने बैज को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस का नामकरण करने की हास्यास्पद कोशिश करने से पहले बैज यह स्पष्ट करें कि वे अपने आकाओं का जन्मदिन किन नामों से मनाना पसंद करेंगे।

### यूपीआई पर शुल्क जनता की जेब पर सीधा हमला : कांग्रेस

**रायपुर, 17 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि यूपीआई पर शुल्क लगाना मोदी सरकार की जनविरोधी आर्थिक सोच को उजागर करता है। जिस यूपीआई को देश की डिजिटल क्रांति की पहचान बताकर प्रचारित किया गया, आज उसी के इस्तेमाल पर आम जनता से लगभग 85 हजार करोड़ रुपया से अधिक वसूलने की तैयारी है. प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनजंय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने पहले जनता को कैशलेस भुगतान की ओर धकेला, अब उसी व्यवस्था को कमाई का जरिया बनाने की कोशिश हो रही है। देश का छोटा दुकानदार दिनभर में दर्जनों डिजिटल भुगतान करता है। यदि हर लेनदेन पर शुल्क लगा, तो इसका सीधा असर उसके मुनाफे और आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा मोदी सरकार अब चाय, सब्जी, दूध और छोटी-छोटी खरीदारी पर भी जनता से डिजिटल भुगतान का शुल्क वसूल करेगी।सरकार ने जनता की सुविधा के लिए बनाई गई व्यवस्था को कमाई का एटीएम बना दिया। देश की जनता पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक दबाव से परेशान है। ऐसे समय में यूपीआई पर शुल्क वसूलना जनता के जख्म पर नमक छिड़कना है।

### केश किंग ने पेश किया स्कैल्प फर्स्ट

**रायपुर, 17 सितम्बर।** बालों के झड़ने, डैंड्रफ़ रूखेपन, बालों के नुकसान और अन्य समस्याओं को दूर करने वाले हेयर-केयर प्रोडक्ट्स और ब्रांड्स की संख्या तो बाजार में लगातार बढ़ती जा रही है। इसके बावजूद बालों की समस्याएँ उपभोक्ता के लिए एक बढ़ती हुई चिन्ता बनी हुई है। तो, इतने सारे समाधान होने के बावजूद भी समस्याओं से छुटकारा क्यों नहीं मिल रहा है? शायद हम समस्याओं की जड़ तक जाने के बजाय, सिर्फ़ऊपर से उनका समाधान करने की कोशिश कर रहे हैं। स्कैल्प ही वह आधार है, जहाँ से स्वस्थ बालों की शुरुआत होती है। बालों की रोज़ की देखभाल में हम अक्सर इसे अनदेखा कर देते हैं। इस ज़रूरत को पूरा करने के लिए, ईमामी लिमिटेड के घराने की ओर से हेयर-केयर ब्रांड केश किंग पेश करते हैं स्कैल्प फर्स्ट - एक विशेष स्कैल्प-केयर रेंज, जिसे पुरुष और महिलाएं, दोनों ही इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे एक सरल सोच के आधार पर तैयार किया गया है।

### निधन

### मुकेश कुमार गुप्ता

**रायपुर, 17 सितम्बर।** रायपुर निवासी मुकेश कुमार गुप्ता (59) पिता बाबूलाल गुप्ता (बिलासपुर) निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान वसुंधरा नगर चंगोरा भाठा से मारवाड़ी मुक्ति धाम के लिए निकली। वे शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल व महाविद्यालय (रायपुर/बिलासपुर) के संचालक थे। वे बाबूलाल गुप्ता के पुत्र मोतीलाल गुप्ता, रज्जन गुप्ता के भतीजे, राकेश, निलेश, योगेश के भाई, नितिन मुकेश ऋषभ गुप्ता के पिता थे।



# फर्जी सरकारी लेटर से बैंक खातों में डाका

## धमधा में स्वास्थ्य विभाग के अमले को बनाया निशाना

**रायपुर, 17 सितम्बर।** साइबर ठगों ने सरकारी अफसरों के नाम का इस्तेमाल कर धमधा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को अपने जाल में फंसा लिया। फर्जी शासकीय लेटर और कलेक्टोरेट के अधिकारी व तहसीलदार बनकर पहले कर्मचारियों पर दबाव बनाया गया। इसके बाद बैंक और यूपीआई की जानकारी लेकर एक आरएचओ के खाते से करीब 1.49 लाख रुपए पार कर दिए गए।

मामला बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे शुरू हुआ। धमधा की बीएमओ डॉ. रचना अग्रवाल के मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को तहसीलदार और कलेक्टर कार्यालय से जुड़ा अधिकारी बताया। उसने सीएमएचओ और आरएचओ के कामकाज की जानकारी लेने के साथ बीपीएम ऋचा मेश्राम का मोबाइल नंबर मांगा। वरिष्ठ अधिकारी समझकर बीएमओ ने नंबर साझा कर दिया।

इसके बाद ठग ने ऋचा मेश्राम को फोन कर धमकाया और धमधा क्षेत्र के सीएचओ व आरएचओ के नंबर हासिल कर लिए। फिर एक फर्जी विभागीय संदेश तैयार कर उसे बीपीएम की ओर से जारी आधिकारिक संदेश बताकर कर्मचारियों के ग्रुप में प्रसारित करा दिया।

मैसेज में कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि एक कथित नायब तहसीलदार के नंबर से फोन आएगा, जिसे हर हाल में रिसीव करना है। कॉल नहीं उठाने पर कार्रवाई की धमकी दी गई। साथ ही कॉल रिकॉर्ड होने और बातचीत के दौरान किसी अन्य कॉल को रिसीव नहीं करने की हिदायत दी गई।

इसके बाद ठग ने एक-एक कर आरएचओ को फोन किया। टीकाकरण टीम की एएनएम नामेश्वरी को भी कॉल कर पहले फर्जी मैसेज का हवाला दिया और डांट-फटकार की। घबराई एएनएम ने फोन आरएचओ योगेश को दे दिया। ठग ने योगेश को नौकरी जाने की धमकी देकर मोबाइल नंबर और यूपीआई संबंधी जानकारी हासिल कर ली। ठग ने कहा कि सरकारी मद के 35 हजार रुपए यूपीआई में भेजे जा रहे हैं और इसके लिए लिंक के जरिए 10 रुपए भेजने को कहा। लिंक पर 10 रुपए डालते ही यूपीआई की सीमा तक करीब 99 हजार रुपए ठग ने अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद एसबीआई योनो की जानकारी मांगी। लगातार दबाव बनाने पर आरएचओ ने घर से पासवर्ड मंगाकर ठग को बता दिया।

पासवर्ड मिलने के बाद दूसरे नंबर से कॉल कर करीब 50 हजार रुपए और खाते से निकाल लिए गए। आरएचओ करीब डेढ़ घंटे तक ठग से फोन पर बात करता रहा। बातचीत खत्म होने के करीब एक घंटे बाद उसे ठगी का पता चला। इसके बाद बीएमओ और सीएमएचओ को जानकारी दी गई और मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर जगन्नाथ मंदिर में हवन-पूजन

**रायपुर, 17 सितम्बर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक पुरन्दर मिश्रा ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ का पूजन-अर्चन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्रसेवा, जनकल्याण और भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के संकल्प का प्रेरणादायी उदाहरण है। उनके जन्मदिवस पर भगवान जगन्नाथ के श्रीचरणों में प्रार्थना कर उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल जीवन की कामना की गई। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सदैव शक्ति, ऊर्जा और सामर्थ्य प्रदान करें, ताकि वे निरंतर देश



की सेवा करते रहें तथा उनके नेतृत्व में भारत विकास और प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहे।

पुरन्दर मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देशवासियों की शुभेच्छाओं और भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से उनका जीवन सदैव राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित और ऊर्जावान बना रहे।

## एक माह चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'

**रायपुर, 17 सितम्बर।** जिला पंचायत अध्यक्ष और सेवा संकल्प अभियान अभियान के जिला संयोजक कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर पूरे देश में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ 'सेवा संकल्प अभियान' के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में बेमेतरा जिले में भी प्रधानमंत्री का जन्मदिवस पूरे एक माह तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के लंबे कार्यकाल में देश की सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से बेमेतरा जिले में विभिन्न रचनात्मक एवं जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## भूपेश सरकार में हुआ संवैधानिक अधिकारों का हनन : मिश्रा

**रायपुर, 17 सितम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के कार्यकाल में युवाओं के हकों पर डाका डालने और अपनों को उपकृत करने के एक और सनसनीखेज मामले के खुलासे के मद्देनजर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि भूपेश सरकार के संरक्षण में राज्य के प्रतिभावान युवाओं और कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने बुधवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा वर्ष 2022 में आयोजित सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में जाँच के दौरान भारी धांधली, फर्जीवाड़ा और प्रणालीगत भ्रष्टाचार पाया गया है। इसके बाद शासन द्वारा इस परीक्षा को तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित कर पूरी चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि 26 जून 2022 को लिपिक वर्ग से वाणिज्यिक कर निरीक्षक (टैक्स इंस्पेक्टर) के पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। जाँच समिति की रिपोर्ट (3 जुलाई 2026) ने यह साफकर दिया है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल मे् किस प्रकार नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं! भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने बताया कि परीक्षा से पहले आरक्षण रोस्टर का पालन ही नहीं किया गया।

# गणेश चतुर्थी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रायपुर, 17 सितम्बर।** श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर ग्राम भिलौरी में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का सुंदर वातावरण देखने को मिला। पर्व के अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा आयोजित रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता एवं सर्व सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भगवान गणेश के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा सभी के सुख, शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। गणेश उत्सव के अवसर पर ग्राम भिलौरी में भक्तिमय वातावरण बना रहा। भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर अपनी आस्था प्रकट की। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों एवं प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी से कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने भगवान गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और ग्रामवासियों से आत्मीय मुलाकात की।



# लायंस क्लब शिखर ने किया 31 शिक्षकों का सम्मान

**रायपुर, 17 सितम्बर।** लायंस क्लब रीजन 2 जोन 4 के संयुक्त तत्वावधान में लायंस क्लब शिखर द्वारा 31 शिक्षकों को 'शिखर सम्मान' से नवाजा गया। क्लब ने हर साल की तरह इस साल भी शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब की चार्टर प्रेसीडेंट सरोज पांडेय ने बताया कि निजी भवन में आयोजित कार्यक्रम में 31 शिक्षकों का सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन क्लब अध्यक्ष लायन प्रभा मंथा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष उषा शर्मा, लक्ष्मी बुरड़ एंव सचिव दविन्दर ग्रेवाल, पम्मी रोकड़िया, कोषाध्यक्ष किरण बाला खल्को, कंचन पुसदकर, नीतू पांडे समेत काफी संख्या में क्लब की सदस्य उपस्थित थीं।



# विप्र कॉलेज के प्राध्यापक हुए सम्मानित



**रायपुर, 17 सितम्बर।** लायंस क्लब शिखर द्वारा विमतारा में मोतीलाल साहू (विधायक, ग्रामीण रायपुर) के मुख्य आतिथ्य एंव कलेक्टर गौरव कुमार सिंह विशिष्ट आतिथ्य में शिखर सम्मान से विप्र महाविद्यालय के प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। अकादमीक, खेल, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विप्र महाविद्यालय के उपलब्धियों के लिए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी सहित 31 प्राध्यापकों को सम्मान पत्र, शॉल-श्रीफल सहित विविध उपहारों से सम्मान किया गया। सम्मान अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, आज आधुनिक शिक्षा प्रणाली और भारतीय ज्ञान परंपरा में सामंजस्य और समन्वय की आवश्यकता है। इस अवसर पर कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने कहा कि प्राध्यापक, शिक्षक, आचार्य और गुरु पर्यायवाची शब्द नहीं है, बल्कि एक प्राध्यापक का विकास क्रम है। इस अवसर पर आभार प्रकट करते हुए डॉ. मेघेश तिवारी ने कहा कि विप्र महाविद्यालय स्थापना वर्ष 1996 से न्यूनतम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य प्राप्ति में सतत प्रयास करता रहा है।

# पंडित लाखे की जयंती मनाई गई

**रायपुर, 17 सितम्बर।** शिक्षा प्रचारक समिति द्वारा संचालित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय एवं वामन राव लाखे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सहकारिता के जनक शिक्षाविद पंडित वामन राव लाखे की 154 वी जयंती मनाई गई इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंजनी कुमार शुक्ला पूर्व अध्यक्ष निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग रायपुर लोक गायक दिलीप सारंगी शिक्षाविद एवं ट्रस्टी अजय तिवारी अनिल तिवारी ट्रस्टी आरके गुप्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी वामन राव लाखे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर भारती यादव प्राचार्य मंजू साहू आशा इत्यादि सहित महाविद्यालय विद्यालय के शिक्षक



शिक्षकों की विशेष उपस्थिति रही इस अवसर पर कार्यक्रम मुख्य अतिथि अंजनी शुक्ला ने कहा कि लाखे विराट व्यक्तित्व के धनी थे उन्होंने गरीब किसान लोगों की सहायता के लिए कानूनी लड़ाइयां लड़ी लाखे महात्मा गांधी से प्रभावित होकर देश की आजादी के आंदोलन में भाग लिया।




# स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला

**रायपुर, 17 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने चिकित्सा अधिकारियों के प्रशासनिक स्तर पर बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं। विभाग ने 25 स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है। आदेश में विभिन्न जिलों के चिकित्सा अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। इनमें रायपुर, महासमुंद, सुकमा, बेमेतरा, धमतरी, सूरजपुर, कोरिया, सरगुजा, बिलासपुर, मुंगेली और अन्य जिलों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं।

### इन अधिकारियों के हुए तबादले

डॉ. आई. नागेश्वर राव, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला महासमुंद से उप संचालक, राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान रायपुर डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला महासमुंद डॉ. भुवन विजय कुर्रे चिकित्सा अधिकारी- जिला चिकित्सालय, दंतेवाड़ा से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा डॉ. शरद कोहाड़े चिकित्सा अधिकारी- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडसरा जिला बेमेतरा से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा डॉ अरुण कुमार टोंडर विशेषज्ञ चिकित्सक- प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय धमतरी से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला धमतरी डॉ यू.एल. कौशिक, विशेषज्ञ चिकित्सक- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला धमतरी से प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी डॉ. आदित्य सिन्हा, चिकित्सा अधिकारी- जिला चिकित्सालय धमतरी से प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय धमतरी डॉ अनिल कुमार शुक्ला, चिकित्सा अधिकारी- संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ संभाग सरगुजा से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई डॉ कपिल देव पैंकरा, चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर से संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएँ संभाग सरगुजा डॉ प्रशांत सिंह, चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर डॉ बलवंत सिंह, चिकित्सा अधिकारी- जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर जिला कोरिया से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया डॉ आशीष शर्मा, चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई से प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय खैरागढ़-छुईखदान-गंड डॉ जगसाय सिंह सरुता, चिकित्सा अधिकारी- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर जिला सूरजपुर से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा डॉ प्रेम सिंह मार्को, चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा से सोनहट जिला कोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ. शीला साहा, स्त्री रोग विशेषज्ञ- प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मुंगेली से जिला चिकित्सालय, बिलासपुर डॉ. श्रीकेश गुप्ता, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीकला जिला बिलासपुर से प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मुंगेली डॉ. राकेश कुमार, चिकित्सा अधिकारी- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया जिला कबीरधाम से प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मुंगेली डॉ सत्यम कुमार पटेल, चिकित्सा अधिकारी- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बर्रा, जिला रायगढ़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा जिला सक्ती डॉ शशांक गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलरामपुर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर, जिला बलरामपुर डॉ रामप्रसाद तिर्की, चिकित्सा अधिकारी- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर से जिला बलरामपुर प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय बलरामपुर डॉ. राजेंद्र राय, विशेषज्ञ चिकत्सक- सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय (चिरमिरी) प्रभारी सिविल सर्जन जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा डॉ. अभय सिंह तोमर, चिकित्सा अधिकारी- प्रभारी सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा से प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय (चिरमिरी) जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर डॉ प्रियंका सक्सेना, चिकित्सा अधिकारी- जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा से प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जिला दंतेवाड़ा डॉ. जमुना प्रसाद आर्य, अस्थि रोग विशेषज्ञ- प्रभारी अधीक्षक राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी जिला बिलासपुर से प्रभारी अधीक्षक, मानसिक चिकित्सालय जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर डॉ. रक्षित जोगी, वरिष्ठ, चिकित्सा अधिकारी- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा जिला बिलासपुर से प्रभारी अधीक्षक राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी जिला बिलासपुर है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26